तापमान
अधिकतम 40.0 डिग्री
न्यूनतम 26.8 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, बुधवार 15 मई 2024

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | रतनपुर | पथरिया



शहर के कई चौक चौराहों में दोपहर को सिग्नल बंद नहीं किया जा रहा है, इससे भीषण गर्मी में लोग झुलसने के लिए मजबूर हो रहे हैं।

## सिम्स

# भीषण गर्मी में मरीज बेहाल, दो दर्जन एसी बंद, चोर ले गए कॉपर वायर, कलेक्टर ने सिक्योरिटी एजेंसी पर दर्ज कराई एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

43 डिग्री तापमान में सिम्स में भर्ती मरीजों की हालत खराब हो रही है। यहां 30 से ज्यादा एसी बंद पड़े हैं। इनके कॉपर वायर चोरी कर लिए गए, इसके बावजूद प्रबंधन की लापरवाही चरम पर है। इस बात की जानकारी लेने मंगलवार को कलेक्टर अवनीश शरण सिम्स पहुंचे और हालात का जायजा लिया। जांच के दौरान उन्होंने एसी के कॉपर वायर की चोरी पर संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई और सुरक्षा में चूक करने वाली सिक्यूरिटी एजेंसी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई।

■ मरीजों को मिलेगी स्ट्रेचर और व्हील चेयर की सुविधा

संभाग के सबसे बड़े अस्पताल सिम्स में मरीज गर्मी से हलाकान हैं। यहां लगे कई एसी के बंद हैं। उसके कॉपर वायर चोरी कर लिए गए। प्रबंधन की लापरवाही के चलते चोरी की घटनाएं नहीं रुक रही हैं। सिम्स की लचर व्यवस्था की लगातार मिल रही शिकायत पर मंगलवार को कलेक्टर अवनीश शरण ने सिम्स का निरीक्षण किया। सूरक्षा में चूक करने वाले गार्डों को फटकार लगाते हुए सुरक्षा एजेंसी बुंदेला सर्विसेस के खिलाफ सिटी कोतवाली थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई। कलेक्टर श्री शरण ने 18 एसी को अविलंब ठीक करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान श्री शरण ने मरीजों की सुविधा के लिए अस्पताल के प्रवेश द्वार पर ही स्ट्रेचर और व्हील चेयर की व्यवस्था करने कहा। साथ ही व्हील चेयर और स्ट्रेचर उपलब्ध होने की सुविधा का बोर्ड भी लगाने के लिए कहा।



वार्ड में भर्ती महिला मरीजों से इलाज और व्यवस्था की जानकारी लेते कलेक्टर अवनीश शरण।



मरीजों को गेट पर व्हील चेयर देने की व्यवस्था की गई।

### लेबर वार्ड के कूलर में नहीं था पानी

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने लेबर वार्ड का भी जायजा लिया। वहां कूलर में पानी की व्यवस्था नहीं होने पर प्रबंधन के अधिकारियों को लापरवाही नहीं बरते की बात कही। उन्होंने कहा कि सभी की जवाबदेही सुनिश्चित करते हुए स्पष्ट कार्य विभाजन किया जाए ताकि मरीजों को दिक्कतें नहीं हो। कलेक्टर ने इसके अलावा एमआरडी कक्ष, आई वार्ड, आईसीयू, मनोरोग वार्ड, टीबी चेस्ट वार्ड, मेल मेडिकल वार्ड सहित अस्पताल के अन्य वार्डों का बारिकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल अधीक्षक डॉ एसके नायक, उप अधीक्षक डॉ. विवेक शर्मा सहित पीडब्ल्यूडी एवं सीजीएमसी के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पंखा, बैटरी भी चोरी, नहीं दर्ज करवाई एफआईआर

कलेक्टर के निर्देश के बाद प्रबंधन ने एफआईआर कराई है, लेकिन सच ये है कि इससे पहले गार्ड और मरीजों ने स्वयं ही चोरों को चोरी करते हुए पकड़ा है और चौकी में पुलिस के हवाले भी किया है लेकिन प्रबंधन के जिम्मेदार अधिकारियों ने पल्ला झाड़ते हुए कभी भी एफआईआर दर्ज नहीं कराया। प्रबंधन पहले ही अगर चोरों पर नकेल कसते हुए उन पर कार्रवाई करता तो मरीज और परिजन को गर्मी में परेशान नहीं होना पड़ता।इससे पहले पंखे, बैटरी भी चोरी हो चुके हैं।सब कुछ सीसीटीवी में देखा जा सकता है लेकिन प्रबंधन हाथ पर हाथ धरे बैठा है।

### पीडब्ल्यूडी काम में है फिसड्डी

कलेक्टर श्री शरण ने सिम्स के चप्पे चप्पे का निरीक्षण किया। इस दौरान पीडब्ल्यूडी द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्य का जायजा लिया गया और पीडब्ल्यूडी ईई सीके पांडेय को फटकारते हुए सिम्स के टॉयलेट का निर्माण जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल के किचन शेड में ही मरीजों के परिजन भोजन बनाएं, ऐसी व्यवस्था की जाए।

## खबर संक्षेप

### सीयूईटी यूजीः आज से 24 मई तक होगी परीक्षा

**बिलासपुर।** कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट(सीयूईटी) यूजी-2024 की परीक्षा मई में आयोजित की जाएगी। इसके लिए डेटशीट जारी की गई है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी(एनटीए) कि ओर से यह परीक्षा 15 मई से 24 मई तक ली जाएगी। इस बार परीक्षा के लिए 13.48 लाख से ज्यादा छात्रों ने फॉर्म भरा है। इसके लिए पिछले दिनों आवेदन मंगाए गए थे। इस बार परीक्षा हाइब्रिड मोड में होगी।

### हेल्पर की मौत मामले में 21 दिन के बाद जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** अमलडीहा रेत घाट में पोकलेन के टक्कर से रेत में दबकर हेल्पर की मौत के मामले में पुलिस को जांच में 21 दिन लग गए। आखिरकार मंगलवार को पोकलेन के ड्राइवर के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। 24 अप्रैल को सकरी घुरू निवासी हेल्पर मोनू रजक 18 साल हाइवा में ड्राइवर हेमचंद लहरे के साथ रेत लेने के लिए पचपेड़ी अमलडीहा रेत घाट गया था। रेत घाट में ड्राइवर केबिन में बैठा था और मोनू रजक गाड़ी डाला में चढ़कर रेत भरा रहा था। रेत भरते समय ड्राइवर ने लापरवाही पूर्वक पोकलेन बकेट से उसे टक्कर मार दी। जिससे वह अंदर गिर गया। उसके बाद पोकलेन के ड्राइवर ने उसके ऊपर रेत डाल दिया था। मस्तूरी क्षेत्र रैलहा में रेत खाली करने पर उसकी लाश निकली थी।

### युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**बिलासपुर।** पत्नी के मायके जाने के बाद युवक ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस जांच में जुट गई है। सकरी टीआई अभय सिंह बैंस ने बताया कि तखतपुर लिम्हा निवासी धर्मेन्द्र उर्फ मोनू यादव पिता राम आश्रय 30 साल, अपने पत्नी व दो बच्चों के साथ घुरू गोकुलधाम साजिद अली के डेयरी फार्म में रहकर काम करते थे। दो दिन पहले उनकी पत्नी बच्चों को लेकर मायके चली गई। सोमवार की रात उसने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

# डिप्टी डायरेक्टर ने देखे दस्तावेज, एयरपोर्ट में शाम को देखी नाइट लैंडिंग फैसिलिटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डायरेक्टर जनरल ऑफ सिविल एविएशन द्वारा इन दिनों एयरपोर्ट का निरीक्षण कराया जा रहा है, इसी निरीक्षण और रिपोर्ट के आधार पर 3 सी आईएफआर के लिए आवेदन किया जा सकेगा। मंगलवार को डिप्टी डायरेक्टर मुकेश वर्मा ने सर्किट हाउस में दस्तावेजों का परीक्षण किया और रिपोर्ट तैयार की है। वहीं शाम होते ही वे बिलासा एयरपोर्ट पहुंचे और नाइट लैंडिंग फैसिलिटी का जायजा लिया।




मुंबई से आए डीजीसीए के डिप्टी डायरेक्टर ने सर्किट हाउस में बिलासा एयरपोर्ट से संबंधी दस्तावेज खंगाले। उन्होंने एयरपोर्ट अथारिटी और पीडब्ल्यूडी से सभी तरह के दस्तावेज अपने पास मंगवा लिया था, जिसके बाद मंगलवार को उन्होंने प्रारंभिक रिपोर्ट तैयार की। वहीं रात में फ्लाइट लैंडिंग के लिए पॉपी लाइट की टेस्टिंग करने डिप्टी डायरेक्टर शाम 5.30 बजे बिलासा एयरपोर्ट पहुंच गए। सूरज की रौशनी होने की वजह से उन्होंने शाम गहराने का इंतजार किया। शाम करीब 7 बजे एयरपोर्ट के आसपास के सभी पॉपी लाइट एक्टिव कर पीडब्ल्यूडी द्वारा कराई गई नाइट लैंडिंग फैसिलिटी का जायजा लिया और अधिकारियों को सुझाव दिए। बताया जा रहा है कि जल्द ही एयरपोर्ट पर अन्य निर्माण कार्य भी शुरू हो सकते हैं। फिलहाल अधिकारी द्वारा सौंपे गए रिपोर्ट के आधार पर ही 3सी आईएफआर के लिए आवेदन किया जा सकेगा।

### सीमांकन में लगेगा समय

एयरपोर्ट की 1011 एकड़ जमीन रक्षा विभाग के पास है। कई सालों के बाद भी रक्षा विभाग द्वारा जमीन का उपयोग नहीं करने पर अब इन जमीनों को एयरपोर्ट को सौंपा जाना है। इस बीच जमीन का पुनः सीमांकन करने की जरूरत है। इस सीमांकन के लिए एसडीएम बिल्हा, एयरपोर्ट अथॉरिटी, रक्षा विभाग से संपदा अधिकारी और प्रशासन के अधिकारियों की जरूरत है लेकिन लोक सभा चुनाव और आचार संहिता के फेर के लिए अबतक 50 फीसदी खसरे का सीमांकन नहीं हो सका है।

# ड्रीमलैंड स्कूल को हाईकोर्ट से मिली राहत

**बिलासपुर।** ड्रीमलैंड हायर सेकेंडरी स्कूल को हाईकोर्ट से राहत मिली है। हाईकोर्ट ने जिला शिक्षा अधिकारी के आदेश पर रोक लगा दी है। ज्ञात हो कि जिलाशिक्षाधिकारी बिलासपुर ने ड्रीमलैंड स्कूल में नए एडमिशन लेने पर रोक लगाई थी।

दरअसल सरकंडा निवासी शिकायकर्ता रजनीश साहू ने ड्रीमलैंड स्कूल के कई मामलों को लेकर शिकायत की थी। इसमें सरकारी जमीन पर स्कूल द्वारा बिल्डिंग निर्माण, मनमानी फीस वसूली जैसे कई मुद्दे शामिल थे। उनकी शिकायत पर जिला शिक्षाधिकारी ने स्कूल द्वारा सहयोग नहीं करने का आरोप लगाते हुए स्कूल में नए छात्रों के प्रवेश पर ही रोक लगा दी थी। जिसे लेकर स्कूल प्रबंधन ने स्कूल शिक्षा विभाग से लेकर आरटीआई एक्टिविस्ट को पार्टी बनाया और न्यायालय में याचिका दायर की। जिस पर सुनवाई करते हुए न्यायालय ने जिला शिक्षाधिकारी के आदेश पर रोक लगा दी है। दरअसल बीते कई वर्षों से शिकायतकर्ता अलग-अलग प्लेटफार्म पर कई तरीके से स्कूल की शिकायतें करते आ रहा है। कोर्ट ने पाया कि यह शिकायत सीधे तौर पर स्कूल शिक्षा विभाग से जुड़ा हुआ मामला भी नहीं है। शिकायत में राजस्व विभाग से लेकर अन्य कई मामले जुड़े हुए थे, जिसमें राजस्व विभाग की जांच में स्कूल को पहले ही क्लीन चिट मिल चुकी है, लेकिन जिला शिक्षाधिकारी ने इन सारे तथ्यों को दरकिनार कर दिया था।






## पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित

### पैरामेडिकल संस्थान, बिलासपुर (छ.ग.) 495006

निम्न तालिका अनुसार (छ.ग.) के विभिन्न जिलों में 12वीं के प्राप्तांकों के अनुसार पैरामेडिकल संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल एवं नर्सिंग सहयोगी पाठ्यक्रमों में (सत्र 2024-25) में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित है।

**उपलब्ध विभिन्न जिलों के प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम, पाठ्यक्रम एवं कुल सीटें**

| उपलब्ध प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम | (D.M.L.T.) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्निशियन | (M.P.W.) पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टीपरपस हेल्थ वर्कर | (D.O.T.) पोस्ट डिप्लोमा इन आपरेशन थियेटर टेक्निशियन | (EMT) पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्निशियन | (X-Ray) पोस्ट डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्निशियन | पोस्ट डिप्लोमा इन नर्सिंग सुपरवाईजर | पोस्ट डिप्लोमा इन डायलिसिस टेक्नीशियन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बिलासपुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| जांजगीर-चांपा | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| कोरबा | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| रायगढ़ | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| अंबिकापुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| रायपुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| धमतरी | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |
| सरईपाली | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |

**आवेदन हेतु 12 वी कक्षा में न्युनतम प्रतिशत :** अनु. जनजाति 40%, अनु.जाति हेतु 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 45%, सामान्य वर्ग 50% या अधिक। **विकलांग सैनिक / स्व.संग्राम सेनानि वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित है।**

**नोट :-**

1. आवेदक, निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारुप को कम्प्युटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रुप से भरे। साथ ही **25 रुपये** का डाक टिकट लगा हूआ 10x4 का सफेद लिफाफे मे अपना स्वयं का नाम, पिता का नाम एवं पूर्ण पता स्पष्ट लिख कर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे। (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जाएगा)
2. चयनित उम्मीद्वारो को कॉल लेटर द्वारा काउन्सलिंग हेतु सुचित किया जाएगा। 3. केवल आवेदक ही काउंसलिंग हेतु पात्र होंगे।
4. विद्या कौशल के माध्यम से शैक्षिणिक लोन उपलब्ध है। 5. छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते है।
6. **जो विद्यार्थी सत्र 2023-24 में 12वीं पास हुए है वह अपना आवेदन 12वीं के ऑनलाईन मार्कशीट लगाकर कर सकते है।**
7. छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों में संचालित पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों के समस्त सीटों में प्रवेश हेतु सीधे प्रवेश अवैध / गलत है। अतः विद्यार्थी किसी कंसलटेंट / व्यक्ति / एजेंट जो आपको संस्था में प्रवेश दिलाने का प्रलोभन दें उनके बहकावें में न आएं। कोई भी दस्तावेज न दें, ना ही एडमिशन दिलाने के एवज में कोई भी राशि न दें।

**आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि :-10.06.2024 तक।**
**आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि :-15.06.2024 तक।**

**आवेदन पत्र भेजने का प्रारुप**

प्रति,
संचालक
पैरामेडिकल संस्थान, सहारा ऑफिस रोड, राजकिशोर नगर, बिलासपुर (छ.ग.) 495 006
महोदय,
............ (पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूँ।
1. आवेदक का नाम ............ 2. पिता / पति ............
3. जन्म तिथि अंकों में ............ 4. वर्गः - अनु. ज. जाति ☐ अनु. जन जाति ☐ पिछड़ा वर्ग ☐ सामान्य ☐
5. पत्र व्यवहार का पता - ग्राम ............ पोस्ट ............ तहसील ............
थाना ............ जिला ............ पिन कोड ☐
मो. नं. 1 ............ मो. नं. 2 ............ वाट्सअप नं. ............
6. केन्द्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ............
7. शैक्षणिक योग्यता-

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |

**कार्यालय संचालक, पैरामेडिकल संस्थान, बिलासपुर**


### एडीएम 4 माह में कार्रवाई करें

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट ने पूर्व सरपंच द्वारा कराए गए विभिन्न कार्य का शेष बकाया राशि नहीं देने व वर्तमान सरपंच द्वारा उक्त राशि का अवैध तरीके से आहरण किए जाने के खिलाफ पेश याचिका में एडिशनल कलेक्टर बिलासपुर को 120 दिवस में जांच कर करवाई करने का निर्देश दिया है। याचिकाकर्ता बिलासपुर के ग्राम नेवसा की रहने वाली जानकीबाई वर्ष 1999 से वर्ष 2004 तक ग्राम पंचायत नेवसा विकासखंड बिल्हा जिला बिलासपुर की निर्वाचित महिला सरपंच थी। उसके कार्यकाल के दौरान ग्राम नेवसा में विभिन्न जनहित के कार्य करवाए गए थे। जिनमें से आंगनबाड़ी भवन,स्कूल भवन तथा मध्याह्न भोजन की बकाया राशि कुल 80 हजार 573 रुपए उसे वापस भुगतान प्राप्त करना था। इनके बाद भरत लाल कश्यप गांव का सरपंच बन गया। नए सरपंच इस बकाया राशि कुल 80 हजार 573 रुपए को आहरित कर लिया। जानकीबाई ने इसके खिलाफ विभिन्न अधिकारियों को आवेदन दिया एवं नए सरपंच पर कार्रवाई की मांग की। अतिरिक्त कलेक्टर बिलासपुर ने 12 जून 2009 को अपील प्रकरण में आदेश पारित कर अनुभागीय अधिकारी बिलासपुर को गुण-दोष के आधार पर आवश्यक कार्रवाई करने कहा। इसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होने पर अधिवक्ता अब्दुल वहाब खान के मध्यम से हाईकोर्ट में याचिका पेश की गई। जस्टिस राकेश मोहन पांडे की पीठ में मामले की सुनवाई हुई। कोर्ट ने एडिशनल कलेक्टर बिलासपुर को उक्त मामले में कार्रवाई करने का आदेश जारी किया है।



# ST. XAVIER'S HIGH SCHOOL

BHARNI (RESIDENTIAL SCHOOL) CBSE Affiliation no - 3330044

The Management , Principal & Staff CONGRATULATE all the Students of Class - XII & X for their outstanding performance in C.B.S.E. AISSCE & AISSE 2023-24

## (Class XII Scholars)

KRISHNA AGARWAL 96.6%
AMITESH SONWANI 93.2 %
PRITI YADAV 92.4%
SHRISHTI GUPTA 92 %
DEBASHISH MISHRA 91.2%
HIMANSHU SHARMA 91.2 %
JANHAVI DEWANGAN 90.4 %
ANVAYA TRIVEDI 90.2 %
AMISHA TIWARI 89.4 %
NIDHI JAISWAL 89.4 %
ARCHANA SINGH THAKUR 88.2%
PURVI YADAV 87.6 %
KESHAV PATEL 87.2%
ARNAV GUPTA 86.6 %
SAHIL PATRE 86.2 %
MAITREE SHARMA 86.2 %
ADITI SINGH 85.8 %
KHUSHI SACHDEVA 85.8 %
NUPUR KAUSHIK 85.6%
SHUBHAM SAHU 85%

## ADMISSION OPEN

Mont.-I to IX & XI

SCIENCE, COMMERCE & HUMANITIES

SCHOLARSHIP FOR CLASS XI STUDENTS ACHIEVING 90% OR ABOVE

## (Class X Scholars)

SHIVAM AGRAWAL 96.00 %
ABHIROOP SINGH HUNDAL 95.80 %
ANVESHA AGRAWAL 94.60 %
ADITYA SINGH KASHATRI 94.60 %
NITU RATHORE 94.40 %
AYUSHI MISHRA 93.80 %
SHUBH AGRAWAL 93.00 %
MILIND YADAV 92.60 %
SHRUTI SONI 92.40 %
VIKRANT KAUSHIK 92.40 %
PRASHANT SENDREY 91.20 %
ANUSHA JHA 91.00 %
ANAND MOHAN SHARMA 90.80 %
SAKSHAM SHARMA 90.20 %
VAIBHAV MINJ 90.00 %
UJJAWAL BAGHEL 89.60 %
AYUSH KANWAR 89.40 %
P ANSHIKA RAO 89.40 %
RUPESH KU SAHU 89.40 %
ANUBHA TRIVEDI 88.00 %
HIMANSHU KASHYAP 87.60 %
DIPESH KUMBHKAR 87.20 %
KHUSHI SAI 87.00 %
MAHIMA SHARMA 87.00 %
AKSHITA SAHU 86.60 %
TEJAS BILAS SAHU
ADITYA KU KAUSHIK 85.60 %
SIFA BARA 85.40 %
SWRAJ RAUT 85.40 %
SAHIL BHARDWAJ 85.00 %

IN-FRONT OF CRPF CAMP, KOTA ROAD, BHARNI

9826862004, 7773085667
www.stxaviersbharni.in

# ST. XAVIER'S HIGH SCHOOL

VYAPAR VIHAR, BILASPUR CBSE AFF. NO. - 3330223

## (Class XII Scholars)

ADITYA JHA 95.6 %
KEHKASHAN ALI 94 %
ISHA DUBEY 92.6 %
PADMA BHUSHAN SAHU 90.8 %
ANAND KUMAR KAUSHIK 90.4%
YASHASVI SALUJA 90 %
TUHIN SEKHAR SETUA 89.8 %
UJJWAL DIXIT 89.6 %
SHIVAM SAHU 88.8%
SURBHI KAUSHIK 87 %
AKANSHA YADUVANSHI 86.8 %
BHAVYA GUPTA 86.8 %
SAMRANGI HALDAR 86.6%
SHRADDHA BANDHEKAR 86.2 %
D. N. RAVI KUMAR 85.4 %
DEVANSH BISOI 85.2%
IPPILI SRUTI 85%
SHUBHAKSHI TRIVEDI 84 %
TRIKA JAISWAL 83.8 %

## (Class X Scholars)

DEV PRATAP SINGH 96.4 %
MAAHI SETH 95.8 %
SAMBHAVI CHAUHAN 93.8 %
NATASHA DHAMECHA 93.6 %
AKSHAT TIWARI 93.2 %
SIDDHARTH BHUNJIA 93 %
PRAYUSHI PRIYADARSHINI 92.8 %
KANISHK SINGH 92.4 %
ANSHIKA CHITRAKAR 92.2 %
ARSHI JUNAID 92 %
KHYATI KURRE 91.6%
MD. SHAAN RAZVI 91.4 %
MANSI YADAV 91%
ROHIT MATLANI 90.8 %
ARADHYA SINGH SHRIVAS 90.8%
RISHABH GUPTA 90.6%
EVA OSHEEN MASIH 90.4 %
ASHISH DEWANGAN 90%
SUNJOY GHOSH 90%
BHAVYA SURYAVANSHI 89.8%
SURBHI NADIA 89.8%
KURELLA RISHITA 89.6%
ARADHYA KESHWARE 89.6 %
PALAK SINGH 89.4 %
RAYA KHAN 89.2%
DEEBYANSHU KUMAR 89.2%
ABHINAV BAJPAI 88.6%
RAUNIT RAJ 88.4 %
ADITI SINGH 88.4 %
PRAYAG BANJARE 88.4 %
MIMANSA CHITRAKAR 88%
AKSHAT TANDON 88%
MEHUL BARMAN 87.2%

CALL US TODAY
07752-353557

IN-FRONT OF INCOME TAX COMMISSIONER OFFICE, VYAPAR VIHAR, BILASPUR (C.G.)

www.stxaviersbilaspur.com

# ST. XAVIER'S HIGH SCHOOL

MUNGELI CBSE Affiliation no - 3330182

## (Class XII Scholars)

SUPRITA TAMBOLI 91 %
MANSI SONI 88.4%
SWATI CHANDRAKAR 87%
HARSH JAIN 86.2 %
ROOPALI SONI 82.4 %
SOUMYA YADAV 79%
TULIKA JAISWAL 78 %
YASH LALWANI 76.4%

## (Class X Scholars)

JANVI THAKUR 95%
HARSHITA TIWARI 94%
ASTHA SONI 92%
ANKURI SINGH 92%
ANANT UPADHYAY 91.4%
RINKAL LEDWANI 89.4%
VAIBHAVI KASHYAP 89%
ASHUTOSH DEWANGAN 87.2 %
SAVYA SONI 87%
AVIYANSH PANDEY 86.4%
JAYANT SINGH RAJPUT 86.2%
SARVASVA SHRIVASTAVA 85.6%
SHREEYANSH SINGH KSHATRI 85.2%
SOMESH DEWANGAN 85%

SAI MANGALAM PANDARIYA ROAD MUNGELI
Mo. : 9826129896, 8827262827
www.stxaviersmungeli.in

हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, बुधवार 15 मई 2024

Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255

88 साल की उम्र में थिरकते पैर, हाथों के साथ आंखों की भाव भंगिमाएं



बिलासपुर में कला केन्द्र की स्थापना के लिए सरकार से चाहते हैं सहयोग

छत्तीसगढ़ की धरती कलाकारों की उर्वर भूमि रही है, और इस धरती पुत्रों में से एक हैं पंडित रामलाल बरेठ। 88 साल की उम्र में थिरकते पैर, हाथों के साथ आंखों की भाव भंगिमाएं बतातीं हैं कि त्याग, तपस्या और साधना के बिना यूं ही कोई रामलाल बरेठ नहीं हो जाता। उन्हें 2024 में भारत के चौथे सर्वोच्च नागरिक सम्मान, पद्मश्री से सम्मानित किया गया।

# पद्मश्री रामलाल बरेठ : त्याग, तपस्या और साधना की मूर्ति



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पंडित जी रायगढ़ जिले के रहने वाले हैं और उन्हें कथक नृत्य जगत में एक अग्रणी कलाकार के रूप में जाना जाता है। 6 मार्च 1936 को जन्मे रामलाल बरेठ का जन्म एक ऐसे परिवार में हुआ था जहां कलाओं को पीढ़ियों से संजोया जाता था। उनके पिता, पंडित कार्तिक राम, एक प्रसिद्ध तबला वादक थे। ऐसे माहौल में रामलाल का कला के प्रति रुझान स्वाभाविक ही था। मात्र 5 वर्ष की उम्र में ही उन्होंने अपने पिता से कथक सीखना शुरू कर दिया। उनकी प्रतिभा इतनी तेज थी कि मात्र 10 वर्ष की आयु में ही वे रायगढ़ दरबार में कला के प्रति उत्साही राज दरबारियों के सामने अपना नृत्य कौशल दिखा रहे थे। राजा चक्रधर उन्हें बाबू कहकर पुकारते थे और अपने बेटे सा प्यार और परवरिश दी। पंडित रामलाल बरेठ कथक की विधा को देश भर में और समृध्द करना चाहते हैं। बिलासपुर में कला केन्द्र की स्थापना के लिए वह सरकार से सहयोग चाहते हैं। इसके लिए उनकी कोशिश जारी है। फिलहाल मंगला स्थित घर पर ही केन्द्र संचालित कर नए लोगों को प्रशिक्षित कर रहे हैं।

## नृत्य की साधना ही उनकी सफलता का मूल मंत्र

पद्मश्री से सम्मानित रामलाल बरेठ 88 साल की उम्र में आज भी उतना ही अच्छा नृत्य करते हैं जितना वो अपने जवानी के दिनों में किया करते थे। हरिभूमि से बात करते हुए उन्होंने अपने बचपन से लेकर अब तक के सफर को याद करते हुए कहा कि मेहनत और लगन के साथ ही नृत्य की साधना ही उनकी सफलता का मूल मंत्र है। वे इस बात से भी बहुत खुश हैं कि वे आज भी अपनी इस कला को नई पीढ़ी को सिखाकर अपने पिता और गुरुओं को श्रद्धांजलि दे रहे हैं। पंडित रामलाल नृत्य के अलावा तबला वादन और गायन में भी पारंगत हैं। तबले की शिक्षा अपने पिता पंडित कार्तिकराम और पंडित जयलाल महाराज से ली और गायन की शिक्षा अपने पिता और उस्ताद हाजी मोहम्मद खां बांदावाले से ली है। पंडित रामलाल सन 1949 में लखनऊ सम्मेलन में पहली बार मंच पर आए थे। जहां से इन्हें ख्याति मिलनी शुरू हुई।

## नृत्य में निरंतर साधना और रायगढ़ शैली का जन्म

पंडित रामलाल बरेठ ने कथक को अपना जीवन समर्पित कर दिया। 60 से भी अधिक वर्षों से वे इस नृत्य कला को निरंतर समृद्ध कर रहे हैं। उन्होंने न केवल भारत में बल्कि विदेशों में भी अपनी प्रस्तुतियां देकर कथक की धाक जमाई है। परंतु उनका सबसे बड़ा योगदान कथक में एक नई शैली, रायगढ़ घराने को जन्म देना माना जाता है।रायगढ़ घराना अपनी तेज गति, लयबद्धता और भावों को गहराई से अभिव्यक्त करने के लिए जाना जाता है। इसमें नृत्यकला की बारीकियों के साथ-साथ अभिनय को भी विशेष महत्व दिया जाता है। पंडित रामलाल बरेठ के अनुसार, कथक नृत्य केवल पैरों की थिरकन नहीं बल्कि आस्था, प्रेम और भक्ति की भावनाओं को भी प्रदर्शित करने का एक माध्यम है। रायगढ़ घराना पूरी दुनिया में चौथे कथक घराने के रूप में प्रसिद्ध है।

## अधिक से अधिक कला केन्द्र की स्थापना हो

पंडित रामलाल ने 1956 से 1980 तक रायगढ़ में शासकीय सेवा पंचायत विभाग में दी। इसी दौरान रायगढ़ में चक्रधर संगीत विद्यालय की स्थापना कर गायन, वादन और नृत्य की भी शिक्षा देते रहे। इसके साथ-साथ बेलपहाड़, राउलकेला और रायपुर में नृत्य की शिक्षा देकर उन्होंने कई शिष्य भी तैयार किए। 1981 में मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग ने उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत अकादमी के अंतर्गत चक्रधर नृत्य केन्द्र की स्थापना की। जहां शासन के अनुरोध पर रायगढ़ घराने के कथक नृत्य शैली की शिक्षा देने के लिए इनके पिता पंडित कार्तिकराम को गुरु और पंडित रामलाल को सहायक गुरु के पद पर बुलाया गया। पद्मश्री रामलाल बरेठ का मानना है कि रायगढ़ शैली के सैंकड़ों कलाकार तैयार हों, ताकि रायगढ़ घराना और छत्तीसगढ़ का नाम युग-युग के लिए गौरवान्वित हो सके। पंडित रामलाल ने 1990 से 1992 तक इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ में नृत्य रीडर के पद पर रहकर अनेक शिष्य तैयार किए। रायगढ़ कथक शैली के प्रचार के लिए कई वर्कशॉप किए। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, जयपुर कथक केन्द्र और कथक केन्द्र दिल्ली से भी जुड़े रहे।



## कोहिनूर मानते थे महाराज चक्रधर

पद्मश्री का सम्मान पाने वाले रामलाल बरेठ कथक नर्तक हैं जिन्हें रायगढ़ के महाराज चक्रधर अपने दरबार के नर्तकों में कोहिनूर हीरा मानते थे। राजा चक्रधर सिंह खुद गायन, वादन एवं नृत्य के विद्वान भी थे। रामलाल बरेठ जब केवल 4 साल के थे, तभी महाराजा चक्रधर सिंह ने उनमें छिपी नृत्य की प्रतिभा पहचान ली थी। उन्होंने उनके पिता और इतने ही प्रतिभाशाली कथक कलाकार कीर्तनराम से कहा कि इसके कथक की प्रशिक्षण की व्यवस्था मैं अपनी देखरेख में करूंगा। उन्होंने देशभर के जाने-माने कलाकारों से बरेठ का प्रशिक्षण कराया। महाराजा चक्रधर सिंह ने उन पर जो भरोसा दिखाया, उसे बरेठ ने पूरा किया। रामलाल बरेठ ने अपनी पूरी जिंदगी कथक नृत्य को दी है। रामलाल बरेठ ने राजा चक्रधर के सानिध्य में नृत्य की शिक्षा दीक्षा ली थी। उन्होने 1981 में राजा चक्रधर नृत्य वेद में सहायक गुरु के पद पर रहते हुए बड़ी संख्या में कलाकारों को कथक की नृत्य विधा से जोड़ा और उन्हें नृत्य में पारंगत किया।। केंद्र सरकार ने उन्हें 1996 में संगीत नाटक अकादमी सम्मान से नवाज चुकी है। साल 2002 में उन्हें शिखर सम्मान से भी नवाजा जा चुका है। साल 2006 में उन्हें छत्तीसगढ़ सरकार ने राजा चक्रधर सम्मान से भी सम्मानित किया है।

## गुरु-शिष्य की परंपरा को जीवित करना होगा

2024 में पद्मश्री से सम्मानित किए जाना पंडित रामलाल बरेठ की कला यात्रा का एक सुनहरा अध्याय है। यह सम्मान न केवल उनके लिए गौरव का विषय है बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ और भारत के लिए भी गर्व की बात है। पंडित रामलाल बरेठ ने न सिर्फ स्वयं कथक में महारत हासिल की बल्कि उन्होंने कई शिष्यों को भी प्रशिक्षित किया है। ये शिष्य आज भारत और विश्व भर में रायगढ़ घराने का ध्वज फहरा रहे हैं। उनका मानना है कि कला को जीवित रखने के लिए उसे निरंतर सीखना और सिखाया जाना चाहिए। पद्मश्री श्री बरेठ के अनुसार कठिन परिश्रम और लगन से नृत्य कला में महारत हासिल करने के लिए गुरु-शिष्य की परंपरा को जीवित करना होगा।



कथक नृत्य केवल पैरों की थिरकन नहीं बल्कि आस्था प्रेम और भक्ति की भावना

## अगली पीढ़ी को भी कथक के लिए प्रशिक्षित कर रहे

श्री बरेठ बताते हैं कि पहले फिल्मों में शास्त्रीय संगीत और नृत्य का बड़ा मान होता था। फिल्मों के लिए भी काम करने वाले अमीर खां साहब का बहुत निकट संबंध रायगढ़ घराने से रहा। अभिनेत्री सुलक्षणा पंडित के पिता भी रायगढ़ घराने से संबद्ध रहे। अच्छी बात यह है कि श्री बरेठ अगली पीढ़ी को भी कथक के लिए प्रशिक्षित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि उनके दादा जी, पिता जी कथक से जुड़े रहे और अब बेटे भी कथक से जुड़े हैं। रायगढ़ घराने के माध्यम से कथक पूरे देश में मजबूत हो यही उनकी इच्छा है।

## कथक नृत्य अकेले का कर्म नहीं, कुशल संगतकार चाहिए

श्री बरेठ अभी 88 साल के हो चुके हैं। उनका आरंभिक जीवन आर्थिक कठिनाइयों से घिरा रहा। रायगढ़ रियासत में महाराजा चक्रधर सिंह के जाने के बाद उनके परिवार को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ा। वे बताते हैं कि कथक नृत्य अकेले का कर्म नहीं है। आपको इसके लिए कुशल संगतकार चाहिए। इसकी व्यवस्था करने और रायगढ़ घराने की प्रतिष्ठा को बनाए रखने मैंने कठिन परिश्रम किया। श्री बरेठ के देश के महान कत्थक कलाकारों के साथ भी बहुत अच्छे संबंध रहे हैं। उन्होंने बताया कि पंडित बिरजू महाराज के साथ उनके बहुत स्नेहिल संबंध रहे हैं। पंडित बिरजू महाराज उन्हें बहुत स्नेह पात्र मानते थे। बिरजू महाराज का जन्म भी रायगढ़ में हुआ। अच्छन महाराज जैसे प्रतिभाशाली लोगों से सीखने का अवसर मिला और कथक की शानदार यात्रा रायगढ़ घराने के प्रोत्साहन से शुरू हुई।

# बंगाली महिला संगठन ने रविन्द्र नाथ टैगोर की जयंती मनाई





बिलासपुर। बंगाली महिला संगठन ने आईएमए हॉल में रविन्द्र नाथ टैगोर की जयंती मनाई। इस अवसर पर बच्चों से लेकर वयस्क तक रविन्द्र प्रेमी साहित्यकारों ने इस समारोह में अपनी हिस्सेदारी निभाई। कार्यक्रम की शुरुवात संगठन की सदस्यों ने उनकी विख्यात गीत संकोच की विह्युवलता खुद का अपमान से हुआ। इसके बाद डॉ गोपाल चंद्र मुखर्जी ने कविगुरु के चारित्रिक विशेषता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाल्यकाल से ही अपने व्यक्तिगत जीवन के सारे सुख दुख आलोचना प्रशंसा से प्रभावित न रह कर निर्लिप्त रहे, ऐसे ही उनके जीवन की कुछ कुछ घटनाओं का वर्णन किया। कार्यक्रम में नन्ही बालिकाओं का नृत्य मुख्य आकर्षण रहा, जिसमें प्रिशा घोष, अविका घोष,अनुष्का दत्ताचौधरी,अनन्या दत्ता चौधरी,आयुषी पालित रही। शहर के सभी संगठनों के पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से प्रमुख वक्ता डॉ गोपाल चन्द्र मुखर्जी एवं पल्लव घोष को स्मृति चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ से सम्मानित किया गया, वहीं गोपा दासगुप्ता एवं रूना दास को स्मृति चिन्ह से नवाजा गया। कार्यक्रम में डॉ हेमंत चटर्जी, तृप्ति चटर्जी, डॉ सुदीप्तो दत्ता, श्रुति दत्ता, मानवेन्द्र नाथ चटर्जी,सुब्रोतो बनर्जी, बी.सी.गोलदार, उदयन दासगुप्ता,सौभिक दासगुप्ता आदि की सक्रिय सहयोग रहा।

## नृत्य की दी गई प्रस्तुति

संस्था के वरिष्ठ सदसयो ने अत्यंत नृत्य की प्रस्तुति दी जिसमे समूह दीप नृत्य रिंकू मुखर्जी,रीता दास ,शुभ्रा मित्रा ,शिबानी चक्रबोती,जयश्री भट्टाचार्य रही। नृत्य निर्देशन गोपा दासगुप्ता ने किया, एकल नृत्य में जयश्री एवं गोपा दासगुप्ता रही। द्वितिय चरण में नृत्य गीति आलेख टैगोर के प्रकृति विचित्रा की प्रस्तुति रही, जिसका निर्देशन अरुधुती गुहा एवं शुक्ला दासगुप्ता ने किया। प्रतिभागी रहे मल्लिका सरकार, अनिता गोलदार ,शिबानी चक्रबोरटी ,प्रतिमा पाल, प्रमिला गुप्ता ,काकुली दत्ता चौधुरी श्यामा सरकार ,अरुन्धुति गुहा, शुक्ला दासगुप्ता रहे। काव्य पाठ में बालक आयुष प्रामाणिक,आरुष चक्रबोरटी ,अरुनवो चक्रबोती रहे। कार्यक्रम की विशेषता नृत्य नाटिका चित्रांगदा रहा जिसका निर्देशन रूना दास ने किया।

# हमारे विचार ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी

बिलासपुर। हम सभी एक ऐसी दुनिया में रहते हैं जहां समय हमारे जीवन का एक बहुत ही महत्वपूर्ण पहलू है, जिसके आस पास हमारा जीवन घूमता रहता है। जैसे ही हम अपने दिन की शुरुआत करते हैं, जीवन को कुछ अर्थपूर्ण करने के लिए और दिन के हर पल को कीमती बनाने के लिए, कुछ विशेष समय प्राप्त है। तो हम दिन के हर पल को कैसे सुंदर बना सकते हैं ऐसे 5 तरीकों के बारे में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के मुख्य सेवाकेंद्र टेलीफोन एक्सचेंज रोड राजयोग भवन द्वारा केंद्रीय जेल में आयोजित सात दिवसीय तनाव मुक्त प्रबंधन कार्यक्रम के पहले दिन सेवाकेंद्र संचालिका स्वाति दीदी ने बताया दिन में आने वाले हर थॉट को प्योर, पॉजिटिव और शक्तिशाली बनाएं हमारे विचार ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी हैं, जो समय को महत्त्वपूर्ण बनाते हैं क्योंकि जब हम अपने हर विचार में, अच्छाइयों और ताकत का अनुभव करते हैं और दूसरों को भी उसका अनुभव कराते हैं, तब हम पॉजिटिविटी क्रिएट करते हैं और उन्हें हम अपने कार्यों और संबंधो में भी अनुभव कर सकते हैं। यह सुंदर विचार हमारे साथ-साथ, दूसरों के जीवन को भी सुंदर बनाते हैं।



- हर पल को सुंदर बनाने के 5 तरीके – बीके स्वाति दीदी

## निरंतर सफलता के लिए परमात्मा का साथ जरूरी

.हर पल को परमात्मा के प्यार और समीपता से भरें हमारे जीवन के हर पल की सुंदरता तब बढ़ जाती है। जब हम परमात्मा का साथ महसूस करते हैं और उनसे बात करते हैं और साथ ही, दूसरों को भी अपने वायब्रेशन, बोल और कार्यों से वैसा ही अनुभव कराते हैं। निरंतर सफलता और खुशी के लिए परमात्मा के साथ का अनुभव हमारे लिए बहुत आवश्यक है। आत्मिक अवेयरनेस से जब हम हर पल, स्वयं को शरीर की अवेयरनेस में रहते हैं, तो हम अपने आंतरिक अस्तित्व से संबंध को खो देते हैं और जीवन को ऊपरी तौर पर जीते हैं, जिसके कारण हमारा समय सिर्फ अपने फिजिकल उद्देश्यों की पूर्ति में ही गुजर जाता है और आत्मा को पोषण नहीं मिलता। इसके विपरित, जब हम हर पल आत्मिक चेतना में रहते हैं तब हम अंदर से भरपूर महसूस करते हैं, और अपने हर भौतिक उद्देश्य को आसानी से हासिल कर सकते हैं।

## सीबीएसई बोर्ड में डीपीएस के छात्रों ने सर्वाधिक अंक किए हासिल

# यू टयूब व सेल्फ स्टडी से की तैयारी, 4 से 5 घंटे की पढ़ाई से आया अच्छा रिजल्ट

कार्नर न्यूज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सीबीएसई 10वी व 12वी कक्षा की परीक्षा के परिणाम सोमवार को जारी हुए, जिसमें डीपीएस, सेंट जेवियर, आाधार शिला सहित तमाम स्कूलों के छात्रों ने बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। छात्रों ने बताया कि एग्जाम की तैयारी के लिए वे गोल सेट कर प्रतिदिन 4 से 5 घंटे पढ़ाई करते थे। मोबाइल में यू टयूब के माध्यम से पढ़ाई करते थे, जिसका बहुत फायदा बहुत मिला है। सेल्फ स्टडी कर पूरा फोकस पढ़ाई में ही करते थे। इंटरनेट का प्रयोग पढ़ाई के लिए ही सिर्फ किया है, अन्य सोशल साइट्स से दूरी बना ली थी। इसका ही असर था कि ये मुकाम हासिल हो सका।



कर्नल एकेडमी की छात्रा गौरी टावरी परिवार के साथ।



डीपीएस की छात्रा सौम्या मिश्रा को मिठाई खिलाती माता।



सेंट जेवियर के छात्र कृष्णा अग्रवाल को परिजनों ने दी बधाई।

## केवी की छात्रा श्रेया को 91 % अंक

सीबीएसई बोर्ड के घोषित परीक्षा परिणाम में केंद्रीय विद्यालय बिलासपुर की 10वीं की छात्रा श्रेया सिंह ने 91.4% अंक प्राप्त करके अपने समाज का नाम रोशन किया है। श्रेया दिग्विजय नाथ एवं प्रतीभा सिंह की पुत्री हैं। उन्होंने बताया कि नियमित पढ़ाई और रिविजन से यह अंक प्राप्त हुआ है।



## डॉक्टर बनना लक्ष्य, टीचर्स के मार्गदर्शन से सफलता

डीपीएस स्कूल की कक्षा 10 वीं की छात्रा अनुष्का अग्रवाल ने 98.8 प्रतिशत लाकर स्कूल में टॉप किया है। प्रतिदिन की पढ़ाई और टीचरों के मार्गदर्शन से यह हासिल हुआ है। इसमें माता-पित का भी पूरा सहयोग मिला है। अनुष्का ने बताया कि बचपन से पापा-मम्मी को देखकर मैं भी डॉक्टर बनना चाहती हूं। इनके पिता डॉ मनीश अग्रवा पेथोलॉजिस्ट है और माता डॉ एकता अग्रवाल अपोलो अस्पताल में माइक्रोबाइलोजिस्ट है।



## साइकोलॉजिस्ट बनाना चाहती है इनाया

डीपीएस स्कूल की 12 वीं कक्षा की छात्रा इनाया शेख ने 96.4 प्रतिशत लाकर स्कूल में टॉप 2 पॉजिशन प्राप्त किया है। इस मुकाम को हासिल करने इन्होंने भी प्रतिदिन पढ़ाई की और बिना कोचिंग के स्कूल के टीचर्स और यू टयूब से पढ़ाई की है। इनाया साइकॉलाजिस्ट बनना चाहती हैं, इसके लिए तैयारी भी शुरू कर दी है। दिल्ली यूनिवर्सिटीज से आगे की पढ़ाई करना चाहती हैं। इनके पिता ताहिर शेख स्वास्थ्य विभाग में व माता लिवलीन शेख गृहणी हैं।

## खुद की कंपनी खोल बिजनेसमैन बनना

डीपीएस स्कूल के 12 वीं कक्षा के छात्र अगनेश प्रताप गुप्ता ने 95.2 प्रतिशत लाकर स्कूल में टॉप 3 में स्थान हासिल किया है। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन 3 से 5 घंटे की पढ़ाई से ही यह रिजल्ट आया है। वे बीकॉम ऑनर्स कर खुद की कंपनी खोलना चाहते हैं। उनका सपना एक बड़ा बिजनेसमैन बनना है। इनके पिता दीपक गुप्ता भी बिजनेसमैन हैं और माता संगीता गुप्ता गृहणी हैं।

## स्कूल और यू टयूब से पढ़कर किया टॉप

डीपीएस स्कूल के 12 वीं कक्षा के छात्र आयुष सिन्हा ने 96.6 प्रतिशत लाकर स्कूल में टॉप किया है। उन्होंने बताया कि टारगेट सेंटर करके पढ़ाई करते थे। उन्होंने किसी तरह की कोचिंग नहीं ली। सेल्फ स्टडी और यू टयूब से सपोर्ट लिया है। इसी से पढ़कर तैयारी की है। आयुष मल्टीनेशनल कंपनी में सीईओ बनना चाहते हैं, इनके पिता अशोक कुमार सिन्हा रेलवे में है, और माता रजनी सिन्हा गृहणी हैं।

## हर विषय की तैयारी लिख कर की पढ़ाई

डीपीएस स्कूल की छात्रा सौम्या मिश्रा ने स्कूल में 97.8 प्रतिशत लाकर दूसरा स्थान प्राप्त किया है। सौम्या ने बताया कि वे हर विषय को लिख-लिखकर तैयारी करती थी। इससे विषय अच्छे से दिमाग में बैठ जाता था और लांग टाइम तक रहता था। अगस्त में ही सिलेबस कंपलीट कर मॉडल पेपर प्रैक्टिस करती थी। वे आईएस अधिकारी बनना चाहती है। इनके पिता कमलेश मिश्रा प्राईवेट स्कूल में टीचर है और माता गृहणी हैं।

## डेली रिवाइज से हुई स्ट्रांग

डीपीएस स्कूल की छात्रा अनुष्का मिश्रा ने 97.4 प्रतिशत लाकर स्कूल में तीसरा स्थान बनाया है। इन्होंने बताया कि जो भी स्कूल में पढ़ाई होती थी, उसे प्रतिदिन घर में रिवाइज करती थी। पैरेंटस और टीचर का पढ़ाई पूरा सहयोग मिला है। अनुष्का डॉक्टर बनना चाहती हैं, इसके लिए तैयारी शुरू कर दी है। इनके पिता ओमप्रकाश मिश्रा रेलवे में इंसपेक्टर है और माता निशा मिश्रा हॉउस वाइफ हैं।

## सेल्फ स्टडी सबसे अहम

सेंट जेवियर स्कूल के छात्र कृष्णा अग्रवाल को 12वीं कक्षा में 96.6 प्रतिशत अंक मिले हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षा की तैयारी में सबसे अहम सेल्फ स्टडी है, इसमें ही पूरा फोकस किया है। कृष्णा बड़ा बिजनेमैन बनना चाहते हैं, इनके पिता हितेन्द्र अग्रवाल भी बिजनेसमैन हैं।



## आखिरी माह में की परीक्षा की तैयारी

सेंट जेवियर स्कूल के छात्र अमितेष सोनवानी को 12वीं कक्षा में 93.2 प्रतिशत अंक मिले। उन्होंने बताया कि वे जेईई मैन्स की तैयारी पर अधिक फोकस कर रहे थे। परीक्षा के एक माह पहले से बोर्ड की तैयारी की है। वे आईआईटी में पढ़कर इंजीनियर बनना चाहते हैं। इनके पिता सुजित सोनवानी प्राइवेट जॉब करते हैं और माता नीलम सोनवानी गृहणी हैं।

## कोचिंग व मोबाइल से दूरी पर मिली सफलता

कर्नल्स एकेडमी की छात्रा गौरी टावरी ने साइंस स्ट्रीम लेकर 12वीं कक्षा में 95 प्रतिशत प्राप्त किया है। गौरी ने बताया कि वे प्रतिदिन 3 से 4 घंटे पढ़ाई करती थीं। कोचिंग की पढ़ाई से बहुत सपोर्ट मिला और मोबाइल का तो बिलकुल भी प्रयोग नहीं करती थीं। गौरी सीए रितेश टावरी और माता पूजा टावरी की पुत्री हैं।

## खबर संक्षेप

### श्री पीताम्बरा पीठ में बगलामुखी देवी को आज लगेगा छप्पन भोग

**बिलासपुर।** श्री पीताम्बरा पीठ त्रिदेव मंदिर सुभाष चौक सरकंडा में बगलामुखी जयंती पर 14 मई से धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जा रहा है। पीताम्बरा के आचार्य डा. दिनेश महाराज ने बताया कि 15 मई को ब्रह्मशक्ति बगलामुखी देवी जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस दिन छप्पन भोग मातारानी को लगाया जाएगा। बगलामुखी देवी जयंती पर्व पर रात्रिकालीन हवनात्मक महायज्ञ प्रारंभ होगा। इसक बाद 16 मई को सवा लाख बातियों की महाआरती की जाएगी। 19 मई को पूर्णाहुति अभिजीत मुहूर्त में किया जाएगा। इस पावन पर्व पर प्रतिदिन मां श्री ब्रह्मशक्ति बगलामुखी देवी का विशेष पूजन, श्रृंगार, महादेव श्री शारदेश्वर पारदेश्वर महादेव का प्रातः कालीन रुद्राभिषेक, श्री महाकाली महालक्ष्मी महासरस्वती राजराजेश्वरी त्रिपुरसुंदरी देवी का श्री सूक्त षोडश मंत्र से अभिषेक होगा। इसी तरह मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का पूजन श्रृंगार एवं रात्रि कालीन हवनात्मक महायज्ञ किया जाएगा। पीताम्बरा के आचार्य डा. दिनेश महाराज ने बताया कि माता बगलामुखी 10 महाविद्याओं में 8 वीं महाविद्या है। इन्हें माता पीताम्बरा भी कहते हैं। सम्पूर्ण सृष्टि में जो भी तरंग है वो इन्हीं की वजह से है। यह भगवती पार्वती का उग्र स्वरूप है। ये भोग और मोक्ष दोनों प्रदान करने वाली देवी है। इनकी आराधना के पूर्व हरिद्रा गणपति की आराधना करनी चाहिए अन्यथा यह साधना फलीभूत नहीं हो पाती है।



### श्रीवास की दो कृतियों का हुआ विमोचन श्रोताओं ने कहा-लेखनी से किया न्याय



**बिलासपुर।** वरिष्ठ साहित्यकार व बिलासा कला मंच के अध्यक्ष महेश श्रीवास द्वारा लिखित यात्रा वृतांत पगडंडी से चलकर अमेरिका के विभिन्न शहरों की यात्रा का संस्मरण और व्यंग्य कविता संग्रह कौवे मोती चबा रहे हैं का विमोचन वरिष्ठ साहित्यकार डॉ विनय कुमार पाठक, सतीश जायसवाल, गिरधर शर्मा तथा डा सोमनाथ यादव ने किया। बिलासा कला मंच द्वारा प्रकाशित दोनों कृतियों पर प्रकाश डालते हुए अतिथियों ने कहा कि यात्रा वृतांत पगडंडी से चलकर और व्यंग्य कविता कौवे मोती चबा रहे हैं अलग विषय होते हुए भी लेखक ने दोनो संग्रह में अपनी लेखनी से न्याय किया है। इसके लिए महेश श्रीवास को अशेष शुभकामनाएं दी। समारोह का संचालन राजेंद्र मौर्य ने और आभार प्रकट महेश श्रीवास ने किया। कार्यक्रम में बिलासा कला मंच के पदाधिकारियों, साहित्यकारों और परिवारजन की उपस्थिति रही।

### चुनावः साव ओडिसा, कौशिक झारखंड व सुशांत संभालेंगे हिमाचल की कमान

**बिलासपुर।** छग में तीसरे चरण में सभी लोकसभाओं में चुनाव होने के बाद अब देश के अन्य हिस्सों में आगामी चार चरण के होने वाले मतदान को लेकर भाजपा प्रदेश संगठन ने यहां के मंत्रियों, विधायकों सहित पूर्व विधायको और संगठन के अनुभवी नेताओं को दूसरे राज्यों के लोकसभाओं में बड़ी जिम्मेदारी दी है। जिसमें बिलासपुर संभाग से बड़े-बड़े भाजपा नेताओं के नाम भी शामिल हैं। छत्तीसगढ़ सरकार में डिप्टी सीएम अरूण साव को उड़ीसा राज्य के कालाहांडी, संबलपुर और बरगढ़ सहित तीन लोकसभाओं की जिम्मेदारी मिली है। वहीं बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक को झारखण्ड राज्य में जमशेदपुर लोकसभा का प्रभार दिया गया है। बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर लोकसभा संसदीय क्षेत्र में दिल्ली सरकार में मंत्री रहे अनुराग ठाकुर के पक्ष में प्रचार प्रसार करेंगे। भाजपा संगठन ने पूर्व विधायकों और संगठन के चर्चित चेहरों को भी दूसरे राज्यों में होने वाले चुनाव की जिम्मेदारी दी गई है। जिसके अंतर्गत प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी को जमशेदपुर लोकसभा में जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा, पूर्व विधायक रजनीश सिंह को पोटका विधानसभा, डा. कृष्णमूर्ति बांधी को बहरागुड़ा विधानसभा और घाटसीला विधानसभा में सौरभ सिंह को विधानसभावार जिम्मेदारी सौंपी गई।





### समर कैंपः बचपन प्ले स्कूल के बच्चों ने ली माइंड एक्सरसाइज की ट्रेनिंग




**बिलासपुर।** बचपन प्ले स्कूल मंगला और अचीवर्स पब्लिक की गतौरी शाखा में 1 मई से आयोजित कैंप का 14 मई को समापन हो गया। इस कैंप का बच्चों ने खूब आनंद लिया। इस दौरान कंठ संगीत गिटार की बोर्ड जैसी कलाओं को सीखने बच्चों ने बढ़चढ़कर भाग लिया। इसमें 5 वर्ष से 15 वर्ष तक के बच्चों के लिए माइंड एक्सरसाइज अर्थात अबैकस ट्रेनिंग की भी कक्षा में बच्चों ने अपनी छिपी प्रतिभा का अच्छा प्रदर्शन किया। इस कैंप में मार्शल आर्ट, एरोबिक्स, अबेकस, डांस, आर्ट एण्ड क्राफ्ट, फोनिक्स, गुड मैनर्स, टेबल एटिकेट्स, पर्सनलिटी डेवलपमेंट, गुड एण्ड बेड टच शेशन, स्पोकन इंग्लिश, फोनिक्स, म्यूजिक इत्यादि बच्चों को सिखाया गया। इसके द्वारा बच्चों के अंदर की प्रतिभा को उजागर करने का प्रयास किया गया। अभिभावकों ने इस कैंप की सराहना की। इसमें 100 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। प्राचार्य न बताया कि संगीत व अबेकस की यह कक्षाएं बच्चों व अभिभावकों के लिए अनुरोध पर मई में भी लगातार चलती रहेगी।

# टाइम्स यंग यूनिवर्सिटी वर्ल्ड रैंकिंग में सीयू ने लहराया परचम

**बिलासपुर।** गुरु घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय द टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यंग यूनिवर्सिटी रैंकिंग में 401-500 के बैंड में शामिल होकर अंतरराष्ट्रीय अकादमिक मानचित्र पर चमक उठा है। विवि के कुलपति प्रो आलोक कुमार चक्रवाल के नेतृत्व व कुशल मार्गदर्शन में पिछले लगभग 3 वर्षों में किए गए अनवरत प्रयास तथा निरंतर सकारात्मकता के परिणाम स्वरूप सफलता मिल रही है। यह पहला अवसर है जब गुरु घासीदास केन्द्रीय विवि ने द टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यंग यूनिवर्सिटी रैंकिंग में भागीदारी की। यूनाइटेड किंगडम से प्रकाशित होने वाली विश्व प्रसिद्ध पत्रिका टाइम्स हायर एजुकेशन प्रतिवर्ष विश्व की नवसृजित उच्च शिक्षण संस्थानों की रैंकिंग को जारी करता है। इससे पहले 25 अप्रैल 2024 को नैक द्वारा गुरु घासीदास विवि को ए++ रैंकिंग प्रदान की थी। विश्व रैकिंग में स्थान पाने पर कुलपति प्रो चक्रवाल ने शिक्षकों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सहयोग एवं अथक परिश्रम के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा कि शोध, अनुसंधान एवं नवाचार के क्षेत्र में विवि अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार निरंतर आगे बढ़ रहा है। नैक ए++ रैंकिंग के बाद विवि में नई ऊर्जा का संचार हुआ है जिसका परिणाम इस अंतरराष्ट्रीय स्तर की रैंकिंग में साफ परिलक्षित हो रहा है।

- सीयू युवा विवि श्रेणी में अंतरराष्ट्रीय अकादमिक मानचित्र पर चमका




### उद्यमिता व स्टार्ट अप की दिशा में भी विवि ने नए आयाम छुए



कुलपति प्रो. चक्रवाल ने कहा कि उद्यमिता एवं स्टार्ट अप की दिशा में भी विवि ने नए आयाम छुए हैं। इनोवेशन सेंटर, कौशल विकास केन्द्र एवं टेकनालॉजी इनेबलिंग सेंटर की स्थापना के साथ ही विवि ने अद्वितीय स्टार्ट अप इकोसिस्टम तैयार किया है जिसने समन्वित प्रयासों से शोध एवं विकास केन्द्र के मार्गदर्शन में दो जी 8 कंपनियों के माध्यम से छात्रों द्वारा उत्पादन एवं विपणन की व्यवस्था शुरू की है। 15 से ज्यादा स्टार्ट अप प्रारंभ किया है।

### 166 देशों के 5 लाख शिक्षाविदों ने दिया वोट

प्रो. चक्रवाल ने बताया कि रैंकिंग की विश्वसनीयता को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए द टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यंग यूनिवर्सिटी रैंकिंग द्वारा 166 देशों के 5 लाख शिक्षाविदों से उनकी राय ली है। दुनियाभर के 68 हजार संस्थानों के इन शिक्षाविदों का शोध एवं अनुसंधान के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान है।

### 50 साल से कम आयु के संस्थान होते हैं शामिल

सीयू के कुलपति प्रो. चक्रवाल ने बताया कि इस रैंकिंग में 50 साल या उससे कम अवधि में स्थापित उच्च शिक्षा संस्थानों को शामिल किया जाता है। भारत से इस रैंकिंग में 84 युवा संस्थानों ने भागीदारी की थी जिसमें गुरु घासीदास केन्द्रीय विवि को 37वां स्थान प्राप्त हुआ है।

### रैंकिंग में मूल्यांकन के बिंदु

प्रो चक्रवाल ने बताया कि शोध की गणुवत्ता, उद्योगों के साथ संबंध, अंतरराष्ट्रीय दृष्टिकोण, शोध एवं शैक्षणिक वातावरण विषयों के आधार पर दी जाती है रैंकिंग। उन्होंने बताया कि इस रैंकिंग में वर्ष 2018-2022 के बीच में प्रकाशित शोध पत्रों को शामिल किया गया है। 16.5 मिलियन शोध प्रकाशनों में 134 मिलियन साइटेशन का विश्लेषण किया गया। सर्वे में 27,950 पीयर रिव्यूड जर्नल्स को शामिल किया गया।

**कार्रवाई:** फरार कांग्रेस नेता के कब्जे से दुकान को कराया मुक्त

# रघुराज स्टेडियम की चार दुकानों को नगर निगम ने किया सील



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए राजा रघुराज सिंह स्टेडियम की चार दुकानों को सील कर दिया है। इसमें से एक दुकान पर एक फरार कांग्रेस नेता का अवैध कब्जा था, जिस पर बिना अनुमति कैरम क्लब संचालित हो रहा था। नगर निगम ने इन दुकानों को कब्जे से छुड़ाने के बाद फिजिकल कल्चरल सोसायटी को सौंप दिया है।

राजा रघुराज स्टेडियम के पीछे की तरफ इमलीपारा मार्ग में स्टेडियम की दुकानें हैं, जिसपर स्टेडियम का संचालन करने वाली फिजिकल कल्चरल सोसायटी का आधिपत्य है। इन दुकानों को वर्ष 2011 में नीलामी के माध्यम से बेचा गया था। इनमें से एक दुकान पर बिना अनुमति और खरीदी के कुछ लोगों द्वारा कैरम क्लब संचालित किया जा रहा था, जहां देर रात तक असामाजिक तत्वों का जमावड़ा और नशाखोरी की जाती थी।

आज नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार के निर्देश पर निगम के अतिक्रमण अमले ने कार्रवाई करते हुए उक्त दुकान को अवैध कब्जे से मुक्त कराया और सामान को जब्त कर लिया। इस दुकान पर काफी वर्षों से कब्जा किया गया था, जहां कैरम क्लब के नाम पर असामाजिक तत्वों का जमावड़ा हमेशा रहता था। इससे आसपास के रहवासी भी काफी परेशान रहते थे।

### राशि नहीं पटाने पर तीन दुकानें सील

मंगलवार को कार्रवाई के दौरान नगर निगम ने स्टेडियम की 10, 11 व 13 नंबर की दुकानों को राशि नहीं पटाने पर सील कर दिया है। उक्त दुकानदारों को राशि पटाने की मोहलत दी गई है तब तक दुकानें सील रहेगी। 2011 में नीलामी के दौरान अनिल पाण्डेय, धीरज पाण्डेय और धनेश पाण्डेय द्वारा तीन दुकानें नीलामी के जरिए खरीदी गई थी, जिसके बाद उक्त व्यक्तियों ने राशि जमा नहीं की। बार-बार नोटिस और कार्रवाई करने पर आधी राशि दी गई थी और शेष राशि इन तीनों द्वारा नहीं जमा की गई है। इस पर कार्रवाई करते हुए निगम ने दुकानदारों की मौजूदगी में सील कर दिया है तथा निगम की नियम और शर्तो के अनुरूप राशि जमा करने का अवसर दिया गया है तब तक दुकानें सील रहेगी।

### कब्जे से दुकानों को मुक्त कराया गया

राजा रघुराज स्टेडियम स्थित चार दुकानों पर कार्रवाई की गई है। इसमें एक दुकान को अवैध कब्जा से मुक्त कराया गया है उसके अलावा तीन और दुकानों को प्रीमियम नहीं पटाने के कारण सील कर फिजिकल कल्चरल सोसायटी को सौंपा गया है।

**-प्रमिल शर्मा**, प्रभारी, अतिक्रमण शाखा

10 बिंदुओं पर आधारित शिकायतों पर जांच करेगी समिति, एक सप्ताह में देगी रिपोर्ट

# पटवारी यादव के खिलाफ शिकायतों की होगी जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

राजस्व मंत्री के निर्देश पर पटवारी कौशल यादव के विरुद्ध शिकायतों की जांच के लिए कलेक्टर अवनीश शरण ने अपर कलेक्टर आरए कुरुवंशी की अध्यक्षता में जांच कमेटी गठित की है। समिति 10 बिंदुओं पर आधारित शिकायतों की जांच कर एक सप्ताह में रिपोर्ट देगी। सभी शिकायतें ग्राम बिजौर और मोपका में पटवारी कौशल यादव की पदस्थापना के दौरान की है। वहीं पूर्व में अलग से की गई शिकायतों की जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई के लिए जिला कलेक्टर जांजगीर चांपा को भी पत्र भेजा गया है। ध्यान रहे कि पटवारी कौशल यादव की पदस्थापना फिलहाल जांजगीर जिले में है।

- कलेक्टर अवनीश शरण ने अपर गठित की जांच कमेटी

गौरतलब है कि तत्कालीन हल्का पटवारी कौशल यादव द्वारा मौजा बिजौर के पदस्थापना के दौरान मौजा बिजौर स्थित खसरा नं. 396, 398 जो कि निस्तार पत्रक / वाजिब उल अर्ज में शासकीय / कोटवारी भूमि के रूप में दर्ज है, के क्रय विक्रय तथा नामांतरण प्रतिवेदन में गंभीर अनियमितताएं की गई है। साथ ही तहसील बिलासपुर स्थित मौजा मोपका में पदस्थ रहने के दौरान मोपका स्थित खसरा नं. 992/9 जो की शासकीय पट्टे से प्राप्त भूमि है, के क्रय विक्रय तथा छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165 (7-ख) का उल्लंघन कर नामांतरण कराए जाने की प्रक्रिया में भी तत्कालीन हल्का पटवारी कौशल यादव द्वारा बड़ी गड़बड़ी की गई। चूंकि हल्का पटवारी कौशल यादव जांजगीर जिले में पदस्थ है। अतः उनके द्वारा उक्तानुसार की गई अनियमितताओं के संबंध में जांच प्रतिवेदन के तथ्यों के आधार पर उनके विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई करने जांजगीर कलेक्टर को लिखा गया है।

### खसरा नंबर 992 /9 में इस तरह की हुई गड़बड़ी

गौरतलब है कि खसरा नंबर 992 /9 ग्राम मौपका में शासकीय पट्टे की चार एकड़ भूमि की टुकड़ों में बिक्री कर दी गई। इसका नामांतरण का प्रकरण तात्कालीन तहसीलदार नारायण प्रसाद गबेल ने इसे 19 अक्टूबर 2020 को खारिज कर दिया था। तत्कालीन पटवारी कौशल यादव के द्वारा लेकिन सब कुछ जानते हुए भी चार दिन बाद 23 अक्टूबर 2020 को तत्कालीन भू अभिलेख अधिकारी दुष्यंत कोसले से नामांतरण पंजी में नामांतरण करवा दिया गया। इसमें से एक भूमि एक एकड़ 10 डिसमिल किशन यादव के नाम पर ली गई है जो की पटवारी कौशल यादव का रिश्तेदार है। बाद में मामले की शिकायत हुई तो जांच हुई और पटवारी कौशल यादव को निलंबित कर दिया गया था।

### बिजौर में इस तरह की हुई गड़बड़ी

इसी तरह ग्राम बिजौर में ख.न. 396/1 रकबा 0.36 एकड़, ख.न. 396/2 व 396/3 कुल रकबा 0.62 एकड़, 398/1 में से रकबा 0.80 एकड़ एवं पुनः रकबा 0.80 एकड़ भूमियों के नामांतरण में पटवारी कौशल यादव द्वारा गड़बड़ी की गई। यह सारी जमीनें कोटवारी भूमि है इसके बाद भी डिजिटल सिग्नेचर जारी पटवारी ने किया। 25 और 26 मार्च 2022 को डिजिटल सिग्नेचर जारी होने के तत्काल पश्चात यह सभी जमीनें बिक गईं। इसके साथ ही 27 मई 2022 को इन जमीनों के नामांतरण हेतु प्रस्तुत अपने ऑनलाईन प्रतिवेदन में कौशल यादव द्वारा पीठासीन अधिकारी के समक्ष इस तथ्य को छुपा दिया गया वि सभी जमीनें कोटवारी सेवा भूमि की हैं।

महोत्सव में रक्तदाताओं का हुआ सम्मान, गरीबों को खिलाया गया खाना

# आर्ट ऑफ लिविंग परिवार ने मनाया गुरुजी का जन्मदिवस

**बिलासपुर।** आर्ट आफ लिविंग परिवार के सदस्यों ने 13 मई का पावन दिवस हर्ष व श्रद्धा के साथ श्रीश्री गुरूजी के जन्मदिवस के रूप में मनाया। सभी सदस्य सुबह से ही इस महोत्सव के आयोजन में उल्लास के साथ जुटे रहे।

खास बात यह रही कि इस उत्सव में शहर के विभिन्न हिस्सों में सदस्यों के समूहों ने भाग लिया। प्रातः साढ़े 6 बजे से पीओके, टेम्पल ऑफ नॉलेज कोटा रोड भरनी में लांग सुदर्शन क्रिया से शुरूआत हुई। सुबह 8 बजे रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें रक्तदान करने वाले साधक साथियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। आर्ट ऑफ लिविंग के साधक तेजपाल सिंह, वरिष्ठ प्रशिक्षक डॉ. अजित मिश्रा, रक्तदान हेतु प्रेरित करने एओएल परिवार के डीटीसी धीरज श्रीवास्तव प्रथम पंक्ति में रक्तदान करने वाले साधकों में श्री माधव मजूमदार व आशीर्वाद वैली से आए श्री पोपटानी आदि साधकगण शामिल रहे।

- शहर के विभिन्न हिस्सों में सदस्यों के समूहों ने लिया भाग



इन आयोजनों में प्रातः 11 बजे से 3 बजे तक विकास साहू एवं किरनपाल सिंग चावला द्वारा गरीब वृद्ध व असहायों के लिए निःशुल्क भोजन की व्यवस्था मंगला चौक में रखी गई। शाम को सामूहिक गुरूपूजा, आयुषोमा, सत्संग व भोजन - प्रसाद का आयोजन किया गया। इस मौके पर आयोजक मंडल में डीटीसी धीरज श्रीवास्तव, को-आर्डिनेटर धर्मवीर सिंह, अंशुला सैनी ने इन आयोजनों में उपस्थित रहे। एओएल के साधकों ने गुरूदेव श्रीश्री के जन्मदिवस पर हर्ष उल्लास के साथ भाग लेकर उनके दीर्घायु होने की कामना की।

## एजुकेशन प्लस

### डीएव्ही पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट




**बिलासपुर।** सीबीएसई द्वारा घोषित 10वी एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम में एसईसीएल वसंत विहार स्थित डीएव्ही पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ठ परिणाम लाया है। कक्षा 10वीं के छात्रों में से 43 छात्र-छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। वहीं 91 छात्र-छात्राओं ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किया है। कक्षा 10 के 38 विद्यार्थियों ने संस्कृत, 3 विद्यार्थियों ने गणित एवं 2 विद्यार्थियों ने विज्ञान विषय मे शत-प्रतिशत अंक अर्जित किया है। कक्षा 10वीं की टॉपर कुमारी मिखा जैन 99.2 प्रतिश, कुमारी मान्या मिश्रा 99 प्रतिशत एवं कुमारी ध्रुवी पटेल 98.4 प्रतिशत अंक हासिल किए। कक्षा 12वीं के घोषित परिक्षा परिणाम में 11 छात्र-छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक एवं 36 छात्र-छात्राओं ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए हैं। कक्षा 12वीं की टॉपर कुमारी उर्जा सोनी 93 प्रतिशत, नीरज पटेल 92.6 प्रतिशत, कुमारी पायल बिस्वाल 92.4 प्रतिशत, विश्व देवांगन 92.2 प्रतिशत प्राप्त किया है। इस उपलब्धि पर स्कूल के प्रिंसिपल के. परथीपन ने सभी बच्चों, उनके पालकों, सभी शिक्षकों, स्कूल स्टाफ को बधाई दी है।

### बीपीएस के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन



**बिलासपुर।** बीपीएस के विद्यार्थियों ने इस वर्ष एक बार फिर बोर्ड परीक्षाओं के परिणामों में अपनी सफलता का परचम फहराकर स्कूल परिवार को गौरवान्वित किया है।

प्राचार्य ने बताया कि 12 वीं बोर्ड सत्र 2023-24 के टाप 5 विद्यार्थियों में दीपाली सिंग कश्यप (विज्ञान) 96%, हरकिरत कौर अरोरा (कामर्स) 95% अंशुमान सिंग (विज्ञान) 94.4% पार्थ मांसर (विज्ञान) 92.2% संचिता आहूजा (कामर्स) 92% अंक प्राप्त कर संस्था व अपने परिवार का नाम गौरवान्वित किया है। इसी तरह 10 वीं बोर्ड की परीक्षा में सफल टाप 5 के विद्यार्थियों में अनुष्का मौर्या 98.2%, जयीटा गुप्ता 97.8%, मौलीशा तिवारी 97.8% अन्वया शास्त्री 97.6% शिवांश चौधरी 97.2% अनुकर्ष साहू 97.0% अंकों प्राप्त किया है।

### एलसीआईटी स्कूल के छात्रों ने लहराया परचम



**बिलासपुर।** एलसीआईटी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई के कक्षा 10 वीं व 12 में सफलता का परचम लहराया है। संस्था के प्राचार्य ने सेबेस्टियन जोसेफ ने बताया कि कक्षा 10 वीं में सोना सिंग ने 95. 2 %, आदित्य सिंह चौहान ने 95 % , देवांशी गौर, कृतिका रावत, प्रगति शर्मा, अदिति देवांगन, आस्था जोशी इन सभी ने 93 %, सार्थक सिन्हा, सक्षम अग्रवाल, 92 %, दिव्ज कुमार दूम्मपाला, दिव्यांशी कौशिक, आन्या सक्सेना इन सभी ने 90 % अंक प्राप्त किया है। इसी तरह कक्षा 12 वीं के गणित संकाय में भूमिका साहू ने 95.2 %, फाल्गुनी साहू ने 91 %, संचिति अग्रवाल ने 90.4 %, विज्ञान संकाय में विदूषी वर्मा ने 88 %, रश्मि वर्मा ने 85 %, अंशिका तिवारी ने 84 % अंक प्राप्त किया ।कामर्स संकाय में पियूष अग्रवाल ने 94 %, आर्यन चावला ने 93 %, अदिति सोनी ने 93 %, राधिका गोयल ने 93 %अंक प्राप्त किया है। शाला के अध्यक्ष प्रमोद जैन, उपाध्यक्ष अंकित जैन, प्रधान पाठिका शालिनी देवरा, सुश्री शिवानी जैन, उर्वशी तिवारी ने 'शुभकामनाएं दी है।

### त्रिमूर्ति पब्लिक स्कूल के छात्रों का रिकॉर्ड प्रदर्शन



**बिलासपुर।** त्रिमूर्ति पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में इस वर्ष प्रदर्शन लगातार जारी है। संस्था के डायरेक्टर राजेश त्रिवेदी ने बताया कि कक्षा दसवी एवं बारहवीं का परिणाम शत प्रतिशत रहा। उन्होंने बताया कि 10वीं के 5 छात्रों ने 90 % और कक्षा बारहवीं में 5 छात्रों ने भी 90 % से ज्यादा अंक हासिल किया है। जिसमे दसवीं की श्रद्धा सिंगरौल 93.2%, मनीष कुमार सिंगरौल 84.5%, आदित्य मंगल 82.3%, वंदना सनेही 78.70%, प्रियंका साहू 74.0%, मयंक कुमार सिंगरौल 73%,उमा भारती 73%,वंश धर दीवान 72.5%, निशिता बघेल 71.8%, मंजिस्था बांधे 68.2% के ऊपर अंक प्राप्त किया है। इसी तरह कक्षा 12वीं में छात्रों द्वारा प्रशंसनीय परिणाम प्राप्त किया। जिसमें आलोक कुमार पांडू 92.02%, क्षितिज माहेश्वरी 91.4%,रीत गणेश गुजर 90.8%, राहुल सिंह 90.4%, चिदाकश चौधरी 90.0%,यश साहू 87.0%, सेला कार्तिकेय 86.6%, आदित्य साहू 86.0%, अक्षत शर्मा 84.8%, दक्ष जैन 84.2%, अंक प्राप्त किया ।

### मॉडर्न एजुकेशनल में 99 % रहा 10 वीं का रिजल्ट



**बिलासपुर।** मॉडर्न एजुकेशनल एकेडमी सरकंड़ा के सीबीएसई कक्षा दसवी और बारहवी का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। 10 वीं में 99 % और 12 वीं में 96 % बच्चे पास हुए। कक्षा 12 वीं के विज्ञान संकाय से सैनी रंजन दास ने 96.4 %, हर्षिता ईशानी 96 %, गुंजन मिश्रा 95.2 %, प्रद्युम्न चिपड़े 92.6%, अनन्या तिवारी 91.6 %, अनुराग कुमार देवांगन 91.6 %, सृष्टि गुप्ता 91 %,सांभवी शर्मा 90 % अंक प्राप्त किया। कक्षा 10 वीं में आर्या दीक्षित ने 96.5 % अंक प्राप्त किया। नव प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को प्रवेश शुल्क में 5 दिनों के लिए छूट देने की घोषणा की गई है।

14-MAY-REGNOL-pg-5 -COMON_Layout 1 5/14/2024 11:42 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### मस्तूरी में भोला के बिहाव कार्यक्रम आज



मस्तूरी। छत्तीसगढ़ के कीर्तनकार कामता प्रसाद शरण का एक दिवसीय शिव कथा प्रसंग ₹भोला के बिहाव₹ कार्यक्रम का आयोजन शासकीय हाई स्कूल प्रांगण में बुधवार की शाम 6 बजे से किया जा रहा है। यह आयोजन सुधीर राठौर के नेतृत्व में बच्चों के जन्मोत्सव के अवसर पर आयोजित हो रहा है। जिसके लिए लोगों को आमंत्रण पत्र बांटे गए हैं। कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली गई है।

### आत्मानंद स्कूल पेंड्रा में प्रवेश के लिए लाटरी आज

पेंड्रा। स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में सत्र 2024-25 में प्रवेश हेतु ऑनलाइन व ऑफलाइन आवेदन 10 अप्रैल से 10 मई तक आमंत्रित किए गए थे। प्राप्त आवेदन पत्रों के परीक्षणोपरान्त 1, 3, 8 वीं व 11वीं कक्षा की पात्र व अपात्र सूची जारी की गई। निराकरण पश्चात 14 मई को अंतरिम सूची जारी की गई। कक्षा में रिक्त सीटों हेतु लॉटरी की प्रक्रिया 15 मई दिन बुधवार समय पूर्वाह्न 10 बजे से स्थान स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में आयोजित किया जाएगा। संस्था के प्राचार्य वीके वर्मा ने आवेदनकर्ताओं को लॉटरी प्रक्रिया में सम्मिलित होने के लिए कहा है।

## निधन

### चतुर सिंह राजपूत



बिलासपुर। नगर निगम कर्मचारी यदुनंदन नगर निवासी चतुर सिंह राजपूत का 9 मई को निधन हो गया। वे 52 वर्ष के थे। उनका अन्तिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे चंद्रप्रकाश राजपूत के पिता थे।

### मनहरण सिंह ठाकुर



तखतपुर। रामनगर टिकरीपारा निवासी मनहरण सिंह ठाकुर 70 वर्ष का मंगलवार को निधन हो गया। वे तिलक सिंह ठाकुर के पिता और टीकम, राजेश, अमित, दीपक, मनीष, सतीश के बड़े पापा थे।

### आरईएस को दी जिम्मेदारी,12 महीने बाद भी शुरू नहीं हुआ स्कूल मरम्मत का काम

# फिर एक ही कमरे में लगेंगी दो से तीन कक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ पथरिया

विकासखण्ड के 50 से अधिक जर्जर प्राथमिक और मिडिल स्कूल भवनों की मरम्मत नहीं होने के कारण इस शिक्षा सत्र में भी एक ही कमरे में दो से तीन कक्षाओं के संचालन की मजबूरी होगी। बारिश में फिर से छत से पानी टपकने की समस्या से छात्रों व शिक्षकों को दो-चार होना पड़ेगा। प्रशासन की उदासीनता के कारण स्कूल भवनों की स्थिति अब भी जर्जर बनी हुई है।

जानकारी के अनुसार विकासखण्ड के 50 से अधिक जर्जर प्राथमिक और मिडिल स्कूल भवनों की मरम्मत के लिए समग्र शिक्षा मद से 80 लाख से अधिक की राशि एक साल पूर्व अप्रैल में स्वीकृत की गई थी। जिसके अंतर्गत शालाओं का मरम्मत कार्य कराकर उसे बैठने लायक बनाया जाए और विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए लेकिन 12 माह बाद भी मरम्मत कार्य पूरा नहीं हो पाया है। इसके कारण दर्जनों स्कूलों में पूरा शिक्षा सत्र एक कमरे में एक से अधिक कक्षा लगाकर चलाए गए। अचानक टपके छत के नीचे पढ़ाई कराना खतरे से खाली नहीं था। प्रधान पाठकों ने खतरे को ध्यान में रखकर बच्चों की सुरक्षा तो सुनिश्चित की लेकिन एक कमरे में एक से अधिक कक्षा लगाने की मजबूरी ने विद्यार्थियों के एक शिक्षा सत्र को खराब जरूर कर दिया। अगर मरम्मत कार्य अपने निश्चित समय पर पूरे होते तो ग्रामीण और नगरीय क्षेत्र के सैकड़ों विद्यर्थियों को जिला प्रशासन के मंशानुरूप सुविधायुक्त कक्षा में बैठकर शिक्षा ग्रहण करने की सुविधा मिल जाती लेकिन आरईएस विभाग के ठेकेदारों की लेटलतीफी ने विद्यार्थियों को जर्जर भवनों में शिक्षा ग्रहण करने को मजबूर कर दिया है। बता दे कि विकास खंड के 50 से अधिक ऐसे शाला है जहां प्राथमिक शाला के 5 कक्षाओं के लिए पांच कमरे हैं, कहीं तीन, चार तो कहीं दो कमरों में ही पूरी प्राथमिक शाला चल रही है। शिक्षाविद् बलराम जायसवाल ने बताया कि मरम्मत कार्य जनगीदारी समिति के माध्यम से ही होता रहा है। इससे कार्य समय पर पूरे हो जाते हैं, इसलिए जितने अपूर्ण कार्य हैं उसे जनभागीदारी समिति को सौंपकर एक माह में पूरे करने का निर्देश जारी होना चाहिए।






#### अधिकारियों की अदूरदर्शिता

स्कूल मरम्मत के कार्य आईएस को देने से क्षेत्र के शालाओं में मरम्मत कार्य एक वर्ष पिछड़ चुका है। सम्बंधित अधिकारियों ने जिस मंशा से भी स्कूल मरमत के कार्य स्कूलों के जनभागीदारी से छीन कर आरईएस को दिया है लेकिन अधिकारियों की इस गलती की सजा क्षेत्र के हजारों गरीब परिवार के बच्चों को मिली जो फिर जर्जर भवनों में पढ़ने मजबूर हो सकते हैं।

#### जनभागीदारी समिति की जगह आरईएस को काम

स्कूलों में जनभागीदारी विकास समिति के द्वारा छोटे छोटे मरम्मत कार्य कराए जाते थे जो समय पर पूरे हो जाते रहे क्योंकि शिक्षा विभाग के अधिकारी और संकुल समन्वयक लगातार निरीक्षण करते साथ ही विद्यालय की समस्याओं से समिति अच्छी तरह परिचित होते है इसलिए जरूरी कार्य समय पर पूरे हो जाते है इसके बावजूद जनभागीदारी समिति को कार्य देने के स्थान पर पंचायतों के काम मे व्यस्त रहने वाले आरईएस को एजंसी बना दिया गया और इनकी अरुचि ने दो माह में पूरे होने वाले काम को एक वर्ष में भी पूरा नहीं करा पाए।

#### 124 में से 60 कार्य पूरे

अधिकारियों ने मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के अंतर्गत क्षेत्र के 124 शालाओं में मरम्मत और रंगरोगन के लिए दो करोड़ से अधिक की राशि स्वीकृत हुई और कार्य आरईएस को दिया गया। 12 माह बाद 124 में से 60 कार्य पूरे हुए हैं। 50 अप्रारंभ हैं। 14 में काम आंशिक रूप से चल रहा है।
**-पीएस बेदी,** विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी।



## झारखंड को भ्रष्टाचार से मुक्त कराने का समय आ गया है : कौशिक

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने झारखंड में चुनावी कमान संभाल ली है। इसी क्रम में मंगलवार को जमशेदपुर लोकसभा चुनाव कार्यालय में परिचयात्मक बैठक हुई। बैठक में छत्तीसगढ़ के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष तथा बिल्हा से वरिष्ठ भाजपा विधायक धरमलाल कौशिक की उपस्थिति में चुनाव प्रचार की कार्ययोजना तैयार की गई।

इस दौरान उन्होंने भाजपा पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं से जमशेदपुर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी विद्युत वरण महतो को विजयी बनाने के लिए अथक परिश्रम व जनसंपर्क का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह विधानसभा और लोकसभा चुनाव झारखंड को मुक्ति मोर्चा के भ्रष्टाचार, परिवारवाद से मुक्ति दिलाने का चुनाव है। उन्होंने कहा कि इससे बड़ा दुर्भाग्य क्या होगा कि एक राज्य का सीएम भ्रष्टाचार के मामले में जेल में है। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी ने जमशेदपुर लोकसभा संयोजक नंदजी प्रसाद, सह संयोजक लक्षण टूडु, सह संयोजक राजकुमार श्रीवास्तव, जमशेदपुर महानगर जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक के दौरान छत्तीसगढ़ के कार्यकर्ताओं के बीच कार्ययोजना के तहत कार्यों का विभाजन किया गया, जिसमें जमशेदपुर लोकसभा का प्रभार धरमलाल कौशिक एवं विधानसभावार जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा भूपेन्द्र सवन्नी, पोटका विधानसभा रजनीश सिंह, जुगसलाई विधानसभा विकास महतो, संतोष देवांगन, बहरागुड़ा कृष्ण कुमार बांधी, पवन गर्ग, हरपाल सिंह, राजकुमार अग्रवाल, घाटसीला विधानसभा सौरभ सिंह, अमर सुल्तानिया, हितेश यादव को विधानसभावार जिम्मेदारी सौंपी गई।

## बाल भारती के छात्रों ने फिर हासिल की सफलता



**सीपत।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा 10 वीं और 12 वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें बाल भारती पब्लिक स्कूल के छात्रों ने 10 वीं, 12 वीं की परीक्षा में एक बार फिर बड़ी सफलता हासिल की है।

कक्षा दसवीं की परीक्षा में 78 विद्यार्थी शामिल हुए जिसमें 70 प्रथम, 7 द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। दसवीं की परीक्षा में 23 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक, 16 छात्रों ने 85 से 90 प्रतिशत, 6 छात्रों ने 80 से 85 प्रतिशत, 11 ने 75 से 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। छात्रा अदिति जाधव, छात्र स्वर्णिम तिवारी ने 98.6 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। अर्णव सक्सेना ने 98.4 प्रतिशत अंक अर्जित कर द्वितीय, आदर्श चौधरी ने 98.2 प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कलश कुरेल 97.6, भावना मुथुरमन 97.6, तनीषा साहू 97.4, हितांश जामनेरिया 97.4, देवयानी पटेल 95.4, विवान 95.4, अवनी अग्रवाल 94 6, अरुणिमा राय 94.4, समीर बाबू 94, मोहिनी योगेश कुमार शर्मा 94, शिवली सिंह 93.8, तन्मय 93.6, संगिनी 93, संस्कृति गुप्ता 92.6, एंजल बगाडिया 92, अर्णव कुमार 91.6, आदर्श कौशिक 91.4, ईशान्वी ने 90.4 अंक प्राप्त किया। कई विद्यार्थियों ने गणित ,संस्कृत, एआई विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर विद्यालय व शिक्षकों का मान बढ़ाया है। कक्षा 12 वीं का भी परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। विज्ञान संकाय में 18 छात्र, वाणिज्य संकाय से 44 छात्र प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। विज्ञान संकाय से विकास श्रीवास्तव 92.8 प्रतिशत, वाणिज्य संकाय से अंजनेय अग्रवाल ने 89.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉप किया।

## कथक गुरु रामलाल बरेठ से दिनेश ने की मुलाकात



**तखतपुर।** भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य व जिला प्रभारी शिक्षा प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ के दिनेश राजपूत ने राज्य के गौरव कथक गुरु रामलाल बरेठ को पद्मश्री सम्मान मिलने पर उनके निज निवास में जाकर मुलाकात की । दिनेश राजपूत ने बताया कि श्री बरेठ ने राजा चक्रधर के सानिध्य में रहकर नृत्य की शिक्षा दीक्षा ली और उन्होंने बिलासपुर सहित पूरे भारत में विद्यार्थियों को कथक नृत्य की शिक्षा दी। जो बच्चे इनके द्वारा शिक्षा लिए है वे सभी कत्थक नृत्य में पारंगत हो गए है। इन्होंने चक्रधर समारोह, नृत्य शाला के आयोजन व प्रगति में अहम भूमिका निभाई है।

## पं. शास्त्री ने सुनाई समुद्र मंथन की कथा

**धरमपुरा।** ग्राम धरमपुरा में अशोक कश्यप के निवास में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस कथा व्यास पं रमाकान्त शास्त्री ने गज और ग्राह के युद्ध के दौरान ग्राह मोक्ष, देव दानव द्वारा समुद्र मंथन की कथा सुनाई।

उन्होंने बताया कि मंथन से 14 रत्न की उत्पत्ति हुई, हलाहल को भूत भावन भोले नाथ ने स्वयं पान कर जगत को विष से जलने से बचाया और भगवान भोलेनाथ अपने हृदय में भागवन राम की उपस्थिति जानकर गले में ही हलाहल को रोक रखा। जिसके कारण शंकर जी का नाम नीलकंठ पड़ा। इक्षासु वंश, गंगा अवतरण, श्रीराम जन्म, श्रीकृष्ण जन्म सहित विभिन्न प्रसंगों पर मार्मिक प्रवचन किया। कथा का विश्राम 18 मई को तुलसी वर्षा, हवन पूर्णाहुति के साथ होगा। भक्तों के द्वारा सत्संग लाभ प्रतिदिन लिया जा रहा है। इस अवसर पर दीप जायसवाल, महेतर कश्यप, भगत कश्यप, अशोक कश्यप, ज्योति कश्यप, महेंद्र कश्यप, चंद्रहासिंनी, भृगु कश्यप, मनीषा कश्यप, डाकेश कश्यप, आरती कश्यप, पर्मेश्वर कश्यप, प्रीति कश्यप सहित अन्य उपस्थित थे।



ग्राह मोक्ष की कथा सुनकर भाव विभोर हुए श्रद्धालु




## खबर संक्षेप

### पथर्रा में लोक सुनवाई 11 जून को

**बिलासपुर।** कोटा ब्लॉक के ग्राम खरगहनी-पथर्रा में स्थापित मे. महावीर कोल वॉशरीज प्राईवेट को पर्यावरणीय स्वीकृति के लिए 11 जून 2024 को लोक सुनवाई होगी। ये लोक सुनवाई उक्त तिथि को ग्राम पथर्रा के ग्राम पंचायत भवन के पास स्थित मैदान में सुबह 11 बजे से शुरू होगी। कंपनी ने अपनी वर्तमान उद्योग की विभिन्न ईकाईयों के विस्तार के लिए पर्यावरण संरक्षण मण्डल रायपुर में आवेदन किया है। स्वीकृति के पूर्व आम जनता का अभिमत जानने के लिए उक्त तिथि को ग्राम पथर्रा में जिला प्रशासन द्वारा लोक सुनवाई का आयोजन किया गया है।

### निमार्णाधीन मकान से बिजली सामान पार

**बिलासपुर।** चोरों ने वकील के निमार्णाधीन मकान से बिजली का सामान व मशीन चोरी कर लिया है। पुलिस चोरों की तलाश में लग गई है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, विजयापुरम निवासी वकील स्मिता सिंह पति प्रदीप कुमार सिंह कालोनी में ही नया मकान बना रही हैं। चोरों ने उनके निमार्णाधीन मकान से बिजली का सामान, सीसीटीवी कैमरे का केबल व मिक्सर मशीन सहित 35 हजार का सामान चोरी कर लिया गया है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### सरेराह तलवार लहराते बदमाश गिरफ्तार

**बिलासपुर।** सरेराह तलवार लहराने वाले बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सिविल लाइन टीआई प्रदीप आर्या को सूचना मिली कि तालापारा तैयबा चौक में एक युवक हाथ में तलवार रखकर आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा है। उन्होंने स्टाफ के साथ मौके पर दबिश देकर तैयबा चौक निवासी मुदस्सीर उर्फ मुसाफिर उर्फ राजा अहमद पिता मंजूर अहमद 20 साल को तलवार सहित पकड़ लिया है। पुलिस ने धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### सड़क पर उड़ती धूल से राहगीर हलाकान

**बिलासपुर।** सबस्टैंड से ज्वाली नाला तक नाला निर्माण का कार्य चल रहा है लेकिन निर्माण की गति काफी धीमी है जिसके चलते आम लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हालत ये है कि बसस्टैंड से कश्यप कालोनी जाने वाले सड़म में धूल का गुबार उड़ रहा है। दरअसल निर्माण के बाद सड़क साफ नहीं की गई है जिसके चलते रेत और गिट्टी सड़क पर ही पड़े हैं। ऐसे में धूल भरी आंधी चलने के बाद सड़क की धूल राहगीरों के लिए आफत बन जाती है। वहीं नगर निगम का अमला सफाई नहीं करा पा रहा है।

### मुखबिरी का शक में दो युवकों पर किया हमला

**बिलासपुर।** पुलिस की मुखबिरी करने का आरोप लगाकर बदमाशों ने दो युवकों पर जान लेवा हमला कर दिया। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, तिफरा यादव नगर निवासी विकास कश्यप पिता सिद्धपाल कश्यप 14 मई को दोपहर 2.45 बजे सोनू यादव के साथ सामान खरीदने के लिए कार से शहर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान मोहल्ले के मुकेश कश्यप ने सोनू यादव को फोनकर मिलने के लिए राम मंदिर दक्ष आटो गैरेज के पास मिलने बुलाया। दोनों कार से उसके पास मिलने गए। कार से उतरकर जा रहे थे तब मुकेश, राकेश कश्यप पुलिस की मुखबिरी करने का आरोप लगाकर बेल्ट, लकड़ी से जान लेवा हमला कर दिया। किसी तरह दोनों ने भागकर जान बचाई है। पुलिस ने विकास कश्यप की रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ धारा 307, 34 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

## पाइप लाइन से फूटा फव्वारा



### 30 फीट की ऊंचाई तक प्रेशर

**बिलासपुर।** पुराना बस स्टैंड में मंगलवार को अचानक पानी का फव्वारा फूट पड़ा। पानी का प्रेशर इतना तेज था कि करीब 30 फीट की ऊंचाई तक पानी उछल रहा था। सूचना मिलने के बाद जल संसाधन विभाग ने पानी की पाइप लाइन मरम्मत कार्य शुरू कर दिया। इस दौरान काफी पानी सड़क पर बहता रहा।

# सीयू ने तीन छात्राओं को हॉस्टल से निकाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गुरू घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी ने पिछले दिनों हॉस्टल में हुए हंगामा और घेराव के मामले में तीन छात्राओं को हास्टल से निकाल दिया है। वहीं करीब दर्जनभर छात्रों को उस दिन गर्ल्स हॉस्टल के आसपास दिखने के कारण नोटिस दिया है। यूनिवर्सिटी प्रबंधन की कार्रवाई को लेकर छात्र-छात्राओं में काफी रोष है।

■ दर्जनभर छात्रों को थमाया नोटिस

गुरू घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी की ओर से हास्टल से निष्कासित किए जाने संबंधित छात्राओं को जो नोटिस भेजा गया है। उसके अनुसार 3 मई की रात एवं 6 मई शाम में हॉस्टल के नियमों की अवहेलना की गई तथा घोर अनुशासनहीनता का कृत्य किया गया। विशेष रूप से हास्टल के दरवाजे एवं हॉस्टल परिसर के मुख्यद्वार को बलात तोड़ना जिससे संपूर्ण हास्टल की रहवासी छात्राओं की सुरक्षा खतरे में आ गई एवं संपूर्ण हास्टल एवं यूनिवर्सिटी में भय एवं अनुशासहीनता का वातावरण निर्मित हुआ। इसलिए इस अनुशासनहीन कृत्य में संलिप्त होने के कारण यूनिवर्सिटी हॉस्टल नियमावली के प्रावधानों के अंतर्गत हॉस्टल से छात्राओं को निष्कासित किया गया। इसके अलावा यूनिवर्सिटी के करीब दर्जनभर छात्रों को भी नोटिस भेजा गया है, जिसमें 6 मई को गर्ल्स हास्टल के आसपास उपस्थित रहने के आरोप में नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है।

छात्राओं के हॉस्टल से निष्कासन की कार्रवाई एवं छात्रों को नोटिस जारी किए जाने से यूनिवर्सिटी के छात्र-छात्राओं में काफी नाराजगी है।

### 3 व 6 मई को हुआ था हंगामा

सेंट्रल यूनिवर्सिटी में लोकसभा चुनाव के लिए मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप के तहत 3 मई की रात म्यूजिक फेस्ट कार्यक्रम हुआ था। इस कार्यक्रम में यूनिवर्सिटी के बाकी हास्टल के गर्ल्स, ब्वायस को जाने दिया गया था, किन्तु मिनीमाता गर्ल्स हास्टल के छात्राओं को जाने नहीं दिया गया। इससे नाराज छात्राओं ने हास्टल में खूब हंगामा मचाया था और बाद में यह मामला बदलकर हास्टल की समस्याओं पर आ गया और छात्राएं हास्टल का गेट तोड़कर बाहर अपनी समस्याओं को लेकर धरने पर बैठ गई थी। इसके बाद 6 मई को यूनिवर्सिटी में समन्वय समिति की बैठक हुई जिसमें छात्र-छात्राओं के मांगों पर बात नहीं बनी और फिर से यूनिवर्सिटी में काफी हंगामा हुआ था। उस दिन यूनिवर्सिटी के शिक्षक एवं हास्टल के छात्र-छात्राएं आमने-सामने हो गए थे और काफी विवाद की स्थिति निर्मित हो गई थी। इसी घटना के बाद यूनिवर्सिटी ने अचानक समर वेकेशन का आदेश निकालकर हास्टल खाली करा दिया।

### एबीवीपी ने जताया विरोध

इधर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद यूनिवर्सिटी इकाई ने यूनिवर्सिटी प्रबंधन की कार्रवाई का विरोध करते हुए कुछ मांगे रखी है, उनका कहना है कि चीफ वार्डन सहित एडमिन वार्डन द्वारा छात्राओं के साथ गलत बर्ताव किया गया है इसलिए उन्हें तत्काल हटाया जाए। लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज को उठाने वाली छात्राओं के साथ किसी भी प्रकार की मानसिक पीड़ा प्रशासन द्वारा न दिया जाए और जिन छात्राओं को हास्टल से निकलने का आदेश जारी किया गया है उसे तुरंत रद्द किया जाए।

### निष्कासित करने दिया नोटिस

गुरू घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में 3 मई और 6 मई को जो भी घटनाएं हुई थी उसको लेकर कुछ छात्राओं को अनुशासनहीनता के मामले में हास्टल से निष्कासित करने का नोटिस दिया गया है। इसके अलावा गर्ल्स हास्टल के आसपास दिखने वाले कुछ छात्रों को भी नोटिस देकर स्पष्टीकरण मांगा गया है।

-प्रो. एमएन त्रिपाठी मीडिया प्रभारी, सीयू

परेशान नागरिक बोले- क्षेत्र का मार्ग बंद करना रेलवे की मनमानी

# रेलवे ने रोका रास्ताः डेढ़ घंटे इंतजार कराने के बाद जीएम ने मिलने से किया इनकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेलवे प्रबंधन ने भारतमाता स्कूल से रेलवे हास्पिटल जाने वाली सड़क को ब्लॉक कर दिया है। इसके चलते रेलवे क्षेत्र में यातायात का दबाव बढ़ गया है। विशेषकर भारत माता स्कूल मार्ग में आए दिन जाम व दुर्घटना की स्थिति बन रही है। लिहाजा, स्थानीय लोगों के साथ कांग्रेस नेता भी रास्ते को खोलने की मांग करते हुए मंगलवार को जीएम कार्यालय पहुंचे।

यहां डेढ़ घंटे इंतजार कराने के बाद अफसर मिलने से इंतजार करते हुए लोगों को कैबिन के बाहर से लौटा दिया। जीएम कार्यालय पहुंचे लोगों ने बताया कि भारतमाता स्कूल के बगल से जाने वाली सड़क को रेल प्रशासन द्वारा स्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। लोकसभा चुनाव के मतदान के लिए 7 मई 2024 को कुछ दिनों के लिए यह मार्ग खोला गया लेकिन कुछ दिन बाद इसे फिर से बंद कर दिया गया। वर्षों पुराने इस मार्ग को बंद करने के चलते लोगों को आवगमन के लिए परेशानी हो रही है। ऐसे में जीएम से मुलाकात करने क्षेत्र के लोग जीएम कार्यालय पहुंचे थे। ऐसे में उन्हें अफसरों ने वहां से बैरंग लौटा दिया।



भारतमाता स्कूल से रेलवे हास्पिटल जाने वाली सड़क को इस तरह ब्लॉक कर दिया गया है।

### जीएम आफिस जाने वाली सड़क डेढ़ साल से बंद



खास बात ये है कि जीएम कार्यालय जाने वाली सड़क पिछले डेढ़ साल से बंद है। इसकी भी कई बार शिकायत की जा चुकी है।

### कलेक्टर से विधायक तक लगाई गुहार

रेलवे क्षेत्र की इस सड़क को बंद करने के संबंध में लोगों ने कलेक्टर से लेकर विधायक तक गुहार लगाई। क्षेत्र के लोगों ने 9 अप्रैल को कलेक्टर बिलासपुर के साथ विभिन्न राजनैतिक दलों की बैठक में इस मार्ग को बंद किए जाने का मुद्दा उठाया था, जिस पर प्रशासन ने संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया था। इसके बाद विधायक अमर अग्रवाल को अवगत कराया। उन्होंने रेलवे के अफसर से चर्चा भी की। इसके बाद भी रेलवे इस मार्ग को खोलने तैयार नहीं है।

### प्रतिनिधि मंडल से नहीं मिलना गैर जिम्मेदाराना रवैयाः राय



भारत माता स्कूल के बगल के सड़क खोलने को लेकर सर्वदलीय अन्य जनसंगठनों का प्रतिनिधि मण्डल कलेक्टर बिलासपुर एवं महाप्रबंधक एसईसीआर जोन बिलासपुर से मिलने गया था। कलेक्टर बिलासपुर ने समय दिया प्रतिनिधि मण्डल से बातचीत की और समस्या हल करने का पहल करने आश्वासन दिया। वही महाप्रबंधक कार्यालय में 24 घंटे पूर्व खबर करने के बाद महाप्रबंधक ने मिलने से इनकार कर दिया। कार्यालय पहुंचने पर आरपीएम ने प्रतिनिधि मंडल को गेट पर ही रोक दिया। अभयनारायण राय ने महाप्रबंधक कार्यालय के इस गैर जिम्मेदाराना रवैया की निंदा करते हुए कहा प्रतिनिधि मण्डल से नहीं मिलना अधिकारियों का तानाशाही रवैया है। इस व्यवहार को लेकर रेल मंत्री, बोर्ड और स्थानीय सांसद, विधायकों को पत्र लिखा जाएगा।

### सुरक्षा की दृष्टिकोण से रास्ता किया बंद

सुरक्षा के चलते भारतमाता स्कूल के पास का रास्ता बंद किया गया है। लोगों को रेलवे स्टेशन पहुंचने के लिए पर्याप्त रास्ता दिया गया है। इस रास्ते का विशेष उपयोग नहीं है। क्योंकि यहां अफसरों के बंगले हैं। वो भी इसका उपयोग नहीं करते। इस मार्ग में कई मकानों के ताले टूट चुके हैं, यहां लगातार चोरी की घटनाएं हुई हैं। कारों के कांच पत्थर मारकर तोड़े गए। ऐसे में इसमार्ग को बंद किया गया है।

- विकास कश्यप सीपीआरओ रेलवे।

गैंगस्टर ने खोले राज, रायपुर के कबाड़ी के लिए करता था काम

# मोटी कमाई देख खुद करने लगा तस्करी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दो दिन की पुलिस रिमांड में मवेशी तस्कर यूपी के गैंगस्टर जब्बार ने पुलिस के सामने कई चौंकाने वाले राज खोले। कोरोना काल में वह रायपुर के सबसे बड़े कबाड़ी व मवेशी तस्कर के साथ कमिशन में काम कर रहा था। जानकारी होने के बाद एमपी के खूंखार अपराधियों के साथ मिलकर पिछले 6 महीने से स्वयं बड़े स्तर पर मवेशी तस्करी करने लगा। पुलिस रिमांड समाप्त होने पर पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

■ पुलिस रिमांड खत्म मवेशी तस्कर गैंगस्टर गया जेल

मवेशी व गांजा की तस्करी करते पकड़े गए यूपी गैंगस्टर जब्बार गौरी पिता मोहम्मद समीम 30 साल को पुलिस रिमांड में लेकर पूछताछ कर रही थी। मंगलवार को पुलिस रिमांड समाप्त होने पर पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। दो दिन की पूछताछ में गैंगस्टर जब्बार ने कई चौंकाने वाले राज खोले। सूत्रों के मुताबिक कोराना काल में जब्बार अपने साथियों के साथ रायपुर आ गया था। वहां उसका संपर्क प्रदेश के सबसे बड़े मवेशी तस्कर शमीम नामक कबाड़ी से हुआ।

जब्बार अपने साथियों के साथ कबाड़ी के लिए कमिशन में मवेशी तस्करी का काम कर रहा था। इस दौरान उसका जिले के मवेशी तस्करों से संबंध हो गया। उसने रायपुर के कबाड़ी के लिए काम करना छोड़ दिया और पिछले 6 महीने से हिर्री क्षेत्र के बेलमुंडी यार्ड में साथियों के साथ रहकर खुद बड़े पैमाने में मवेशी की तस्करी कर रहा था। वह जिले के तस्करों से मवेशी खरीदकर जबलपुर, ओडिशा, हैदराबाद विशाखापटनम, नागपुर के बूचड़खाना में सप्लाई कर रहा था।

### ओडिशा से बैरंग लौटी पुलिस टीम

मवेशी तस्करों के गिरोह का एक सदस्य ओडिशा बड़गढ़ में रहकर मवेशी तस्करी करने में सहयोग कर रहा था। पुलिस जब्बार को लेकर ओडिशा बड़गढ़ पहुंची और उसके सहयोगी के ठिकानों पर दबिश दी। किन्तु वह नहीं मिला। जिससे पुलिस टीम को बैरंग लौटना पड़ गया। बताया जाता है तस्करों के पकड़े जाने की खबर लगते हुए उसका सहयोगी भाग गया है।

### मोबाइल में आरक्षक का आ रहा था फोन

खबर है कि मवेशी तस्करों को पकड़ने के बाद पुलिस ने सभी का मोबाइल जब्त कर लिया था। उस दौरान निलंबित आरक्षक बबलू बंजारे का जब्बार के मोबाइल में लगातार फोन आ रहा था। ऐसे में उक्त आरक्षक की पहचान हुई थी। इसके अलावा कई और भी संदिग्ध मोबाइल नम्बर मिले हैं। साइबर सेल में तस्करों के मोबाइल की कॉल डिटेल निकालकर जांच की जा रही है। कई और सफेदपोश के पर्दाफाश होने की संभावना जताई जा रही है।

### मस्तूरी के मवेशी तस्कर गए जेल

मवेशी तस्करी करने के मामले में फरार तस्कर साहेबलाल कुर्रे, इकबाल कुरैशी को सोमवार को पकड़ा गया था। इकबाल के पास से देशी कट्टा बरामद किया गया था। मंगलवार को मस्तूरी पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

### चला गया जेल

पुलिस रिमांड समाप्त होने के पर मंगलवार को गैंगस्टर जब्बार को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। पूछताछ में उसने कई महत्वपूर्ण राज खोले हैं। उच्च अधिकारियों के निर्देश पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

-किशोर केंवट, हिर्री टीआई

### जबलपुर के अपराधियों ने उपलब्ध कराया हथियार

पूछताछ के दौरान जब्बार ने पुलिस को बताया, मवेशी तस्करी के लिए जबलपुर के रब्बानी व सद्दाम ने उन्हें अवैध पिस्टल, देशी कट्टा, चापड़ व चाकू उपलब्ध कराया था। उनके संरक्षण में पकड़े गए तस्कर बड़े स्तर पर ये काम कर रहे थे। अब पुलिस हथियार उपलब्ध कराने वालों पर आगे कार्रवाई करेगी।

## कोयला मंगाकर नहीं दिया पैसा कोलडिपो संचालक को दी धमकी

**बिलासपुर।** 25 टन कोयला मंगाकर पैसा नहीं दिया बल्कि 5 ट्रक और कोयले की मांग की। मांग पूरी नहीं करने पर कोलडिपो संचालक को उनके ड्राइवरों को जान से मार देने की धमकी दी। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है।

हिर्री टीआई किशोर केंवट ने बताया कि खरकेना स्थित कोलडिपो संचालक भिलाई निवासी गिरीश लोहाटी 51 साल ने रिपोर्ट लिखाई। उन्होंने बताया कि उनके पास अनजान मोबाइल नम्बर से फोन आया। फोन करने वाले ने अपना नाम पश्चिम बंगाल निवासी अनूप घोष बताया और खुद को कोयले का बड़ा व्यापारी होना बताया। उसने सौदेबाजी करते हुए 100 ट्रक कोयला पश्चिम बंगाल भेजने को कहा। कोयला आने पर पैसा देने की बात कही। उसकी बातों में आकर श्री लोहाटी ने 25 टन कोयला पश्चिम बंगाल भेज दिया। वहां कोयला पहुंचने के बाद अनूप घोष ने फोन कर पैसा नहीं देने की बात कहते हुए 5 ट्रक कोयला और भेजने को कहा।

कोयला नहीं भेजने पर ड्राइवर को जान से मारकर फेंक देने की धमकी दी। किसी तरह से श्री लोहाटी ड्राइवर को लेकर शहर लौटे। उसके बाद उन्होंने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने उनके रिपोर्ट पर अनूप घोष के खिलाफ धारा 419, 420, 384, 386 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

## पेट्रोल पंप के कर्मी को पिस्टल तानकर धमकी देने का वीडियो हुआ वायरल

**बिलासपुर।** सरकण्डा क्षेत्र के एक पेट्रोलपंप में कर्मचारियों को पिस्टल तानकर धमकी देते बदमाशों का सीसीटीवी में दर्ज वीडियो सोशल मीडिया में जोरों से वायरल हो रहा है।

मंगलवार को सोशल मीडिया में अशोकनगर आरके पेट्रोल पंप में बेखौफ बदमाशों के द्वारा कर्मचारियों को पिस्टल तानकार धमकी देने की सीसीटीवी फुटेज वायरल हुआ। बहरहाल पेट्रोल पंप कोई वारदात नहीं हुई है। कुछ देर बाद युवक कमर में पिस्टल रखकर निकल गए। सरकण्डा टीआई तोप सिंह नवरंग ने बताया, फुटेज देखने के बाद स्टाफ को पेट्रोल पंप भेजा गया था।



कर्मचारियों ने ऐसे ही धमकी देने की बात कही है। कर्मचारियों ने रिपोर्ट लिखाने से इनकार कर दिया है। फुटेज के आधार पर बदमाश की तलाश की जा रही है। अपराधी बेखौफ होकर कमर में पिस्टल दबाकर घूम रहे हैं और पुलिस को भनक तक नहीं लग रही है। मजेदार बात यह है कि फुटेज मिलने के बाद भी पुलिस पिस्टल रखने वाले बदमाश को नहीं पकड़ पाई है। बहरहाल उक्त बदमाश के पकड़े जाने के बाद स्पष्ट हो पाएगा कि पिस्टल असली है या नकली।

### मच्छरों का आंतक, नहीं हो रहा है छिड़काव

**बिलासपुर।** शहर में इन दिनों मच्छरों का आंतक है, शाम होते ही मच्छरों के चलते लोगों का जीना मुहाल हो जाता है, लेकिन निगम का अमला हाथ पर हाथ धर बैठा है। जहां इसकी रोकथाम के लिए रासायनिक छिड़कांव नहीं कराया जा रहा है, वहीं फागिंग भी बंद कर दी गई है। ऐसे में मलेरिया और टाइफाइड जैसी बीमारियों के चपेट में आ रहे हैं। नालियों की सफाई नहीं होने के कारण मच्छरों की तादात दिन दूगनी हो रही है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

हरिभूमि

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

## रतनपुर नेशनल हाइवे में बेतरतीब खड़े चार ट्रकों पर हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रतनपुर नेशनल हाइवे में सड़क हादसे में दो लोगों की मौत के बाद नींद से जागी पुलिस ने सड़क पर बेतरतीब खड़े चार ट्रकों पर कार्रवाई की है।

■ हादसे में दो लोगों की मौत के बाद नींद से जागी पुलिस

पिछले एक सप्ताह से रतनपुर नेशनल हाइवे पर बेतरतीब खड़े होने वाले ट्रकों से सड़क दुर्घटनाएं हो रही थी। बेतलरा के पास खड़े ट्रक से टकराकर रायपुर निवासी असकनज राही व एक हेल्पर की मौत हो गई थी। वहीं लगातार सड़क हादसे के बाद भी नेशनल हाइवे सड़क किनारे बेतरतीब से ट्रक खड़े हो रहे थे। सोमवार की रात रतनपुर पुलिस ने नेशनल हाइवे में बेतरतीब खड़े ट्रक क्रमांक सीजी 12 एस, 3752, ट्रेलर क्रमांक सीजी 22 वाय, 5130, ट्रेलर क्रमांक सीजी 12 बीएच, 4020, ट्रेलर क्रमांक सीजी 12 बीएफ, 5120 को जब्त कर चालकों के खिलाफ धारा 283 के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### रात भर ढाबों में छलकता है जाम

रतनपुर, कोनी, सकरी, चकरभाठा, हिर्री क्षेत्र में संचालित ढाबा रात भर गुलजार हो रहे हैं। स्वादिष्ट भोजन के साथ शराब मिलने से रात भर मेला की तर्ज में भीड़ लगी रहती है। ढाबों के सामने बेतरतीब कतार से भारी वाहन खड़े रहते हैं। वहां रोशनी की भी व्यवस्था नहीं रहती है। पुलिस का ढाबों में नियंत्रण नहीं होने से लगातार सड़क दुर्घटनाएं हो रही है।




| Bilaspur To | Zest | Crysta | Today Offer* |
|---|---|---|---|
| Raipur Airport | 1499 | 2999 | 999 |
| Ambikapur / Sambalpur Bargarh / Blangir | 3999 | 5999 | 1999 |
| Jabalpur/ Katni | 4999 | 7999 | 2999 |
| Nagpur / Rewa | 7999 | 11999 | 4999 |
| Ranchi / Bhopal Banara / Prayagraj | 9999 | 16999 | 5999 |



## खबर संक्षेप



### दो कृतियों का विमोचन लेखनी से किया न्याय

**बिलासपुर।** वरिष्ठ साहित्यकार व बिलासा कला मंच के अध्यक्ष महेश श्रीवास द्वारा लिखित यात्रा वृत्तांत पगडंडी से चलकर अमेरिका के विभिन्न शहरों की यात्रा का संस्मरण और व्यंग्य कविता संग्रह कौवे मोती चबा रहे हैं का विमोचन वरिष्ठ साहित्यकार डॉ विनय कुमार पाठक, सतीश जायसवाल, गिरधर शर्मा तथा डा सोमनाथ यादव ने किया। बिलासा कला मंच द्वारा प्रकाशित दोनों कृतियों पर प्रकाश डालते हुए अतिथियों ने कहा कि यात्रा वृतांत पगडंडी से चलकर और व्यंग्य कविता कौवे मोती चबा रहे हैं अलग विषय होते हुए भी लेखक ने दोनो संग्रह में अपनी लेखनी से न्याय किया है। इसके लिए महेश श्रीवास को अशेष शुभकामनाएं दी। समारोह का संचालन राजेंद्र मौर्य ने और आभार प्रकट महेश श्रीवास ने किया। कार्यक्रम में बिलासा कला मंच के पदाधिकारियों, साहित्यकारों और परिवारजन की उपस्थिति रही।

### दपूमरे भारत स्काउट-गाइड ने खोला प्याऊ घर




**बिलासपुर।** दपूमरे भारत स्काउट एवं गाइड जिला मुख्यालय के जिला आयुक्त अनुराग कुमार सिंह (वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक) के मार्गदर्शन तथा दिलीप स्वाई, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट), दपूमरे बिलासपुर एवं पी मुरली मोहन राव जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) दपूम रेलवे बिलासपुर के नेतृत्व में दपूमरे स्काउट गाइड द्वारा प्याऊ घर खोलकर राहगीरों को शीतल पेय पिलाया जा रहा है। बिलासपुर रेलवे स्टेशन के पास दपूमरे भारत स्काउट एवं गाइड के जिला मुख्यालय के सामने 12 मई से प्याऊ घर खोलकर राहगीरों को शीतल जल के साथ नीबू पानी पिलाया जा रहा है । इस कार्य में जिला संगठन आयुक्त (गाइड) जी ज्योति देव तथा दपूमरे जिला मुख्यालय बिलासपुर के विभिन्न दलों के प्रशिक्षक और विद्यार्थी भी उपस्थित होकर सहयोग कर रहे हैं। यह सेवा पूरे ग्रीष्मकाल तक जारी रहेगा । जिला आयुक्त एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह के निर्देशानुसार इस सेवा कार्य के दौरान आने वाले दिनों में आम पना तथा मठा आदि भी पिलाने की योजना है । साथ ही नौतपा के भीषण गर्मी के समय स्काउट-गाइड के विद्यार्थियों द्वारा बिलासपुर रेलवे स्टेशन में रेल यात्रियों को शीतल पेय जल उपलब्ध कराने की भी तैयारी की जा रही है ।

### तेंदुए के हमले से तीन बकरियों की मौत, एक घायल

**कोरबा।** देर रात को एक तेंदुआ गांव में घुस गया और तीन बकरियों को अपना शिकार बनाया है जिससे तीन बकरियों की मौत हो गई है जबकि एक बकरी गंभीर रूप से घायल हो गया है। सुबह जब बकरी के मालिक को इसकी भनक लगी तो उसने इसकी सूचना वन विभाग को दे दी है। मामला कटघोरा वनमंडल के चैतमा रेंज की है। बताया जाता है कि सेमरा बीट के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत पटपरा में निवास करने वाले सीताराम यादव बकरी का पालन करता है। बीती रात को सीताराम अपने बकरियों को घर में बंद कर रखा हुआ था इस इसी दौरान देर रात को जंगल से भटककर एक तेंदुआ उसके घर जा धमका और घर के बाड़े में बांधे गए तीन बकरियों को अपना शिकार बना लिया जिससे तीनों की मौत हो गई है जबकि एक बकरी गंभीर रूप से घायल हो गई है। सुबह जब सीताराम की नींद खुली तो बकरियों को मृत अवस्था में देख उसके होश उड़ गए और उसने इसकी सूचना तत्काल वन विभाग को दी है। बताया जाता है कि पिछले कई दिनों से तेंदुआ आसपास के जंगल में विचरण कर रहा है।

#### नगर निगम ने चार दुकानों को किया सील

# रघुराज स्टेडियम की दुकान को फरार कांग्रेस नेता के कब्जे से निगम ने कराया मुक्त



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बिलासपुर

नगर निगम ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए राजा रघुराज सिंह स्टेडियम की चार दुकानों को सील कर दिया है। इसमें से एक दुकान पर एक फरार कांग्रेस नेता का अवैध कब्जा था, जिस पर बिना अनुमति कैरम क्लब संचालित हो रहा था। नगर निगम ने इन दुकानों को कब्जे से छुड़ाने के बाद फिजिकल कल्चरल सोसायटी को सौंप दिया है।

राजा रघुराज स्टेडियम के पीछे की तरफ इमलीपारा मार्ग में स्टेडियम की दुकानें हैं, जिसपर स्टेडियम का संचालन करने वाली फिजिकल कल्चरल सोसायटी का आधिपत्य है। इन दुकानों को वर्ष 2011 में नीलामी के माध्यम से बेचा गया था। इनमें से एक दुकान पर बिना अनुमति और खरीदी के कुछ लोगों द्वारा कैरम क्लब संचालित किया जा रहा था, जहां देर रात तक असामाजिक तत्वों का जमावड़ा और नशाखोरी की जाती थी।

आज नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार के निर्देश पर निगम के अतिक्रमण अमले ने कार्रवाई करते हुए उक्त दुकान को अवैध कब्जे से मुक्त कराया और सामान को जब्त कर लिया। इस दुकान पर काफी वर्षों से कब्जा किया गया था, जहां कैरम क्लब के नाम पर असामाजिक तत्वों का जमावड़ा हमेशा रहता था। इससे आसपास के रहवासी भी काफी परेशान रहते थे।

### राशि नहीं पटाने पर तीन दुकानें सील

मंगलवार को कार्रवाई के दौरान नगर निगम ने स्टेडियम की 10, 11 व 13 नंबर की दुकानों को राशि नहीं पटाने पर सील कर दिया है। उक्त दुकानदारों को राशि पटाने की मोहलत दी गई है तब तक दुकानें सील रहेगी। 2011 में नीलामी के दौरान अनिल पाण्डेय, धीरज पाण्डेय और धनेश पाण्डेय द्वारा तीन दुकानें नीलामी के जरिए खरीदी गई थी, जिसके बाद उक्त व्यक्तियों ने राशि जमा नहीं की। बार-बार नोटिस और कार्रवाई करने पर आधी राशि दी गई थी और शेष राशि इन तीनों द्वारा नहीं जमा की गई है। इस पर कार्रवाई करते हुए निगम ने दुकानदारों की मौजूदगी में सील कर दिया है तथा निगम की नियम और शर्तो के अनुरूप राशि जमा करने का अवसर दिया गया है तब तक दुकानें सील रहेगी।

### कब्जे से दुकानों को मुक्त कराया गया

राजा रघुराज स्टेडियम स्थित चार दुकानों पर कार्रवाई की गई है। इसमें एक दुकान को अवैध कब्जा से मुक्त कराया गया है उसके अलावा तीन और दुकानों को प्रीमियम नहीं पटाने के कारण सील कर फिजिकल कल्चरल सोसायटी को सौंपा गया है।

-**प्रमिल शर्मा**, प्रभारी, अतिक्रमण शाखा

## श्रीश्री गुरुजी का जन्मदिवस आर्ट ऑफ लिविंग परिवार ने मनाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बिलासपुर

- रक्तदाताओं का हुआ सम्मान, गरीबों को खिलाया गया खाना



आर्ट आफ लिविंग परिवार के सदस्यों ने 13 मई का पावन दिवस हर्ष व श्रद्धा के साथ श्रीश्री गुरूजी के जन्मदिवस के रूप में मनाया। सभी सदस्य सुबह से ही इस महोत्सव के आयोजन में उल्लास के साथ जुटे रहे।

खास बात यह रही कि इस उत्सव में शहर के विभिन्न हिस्सों में सदस्यों के समूहों ने भाग लिया। प्रातः साढ़े 6 बजे से पीओके, टेम्पल ऑफ नॉलेज कोटा रोड भरनी में लांग सुदर्शन क्रिया से शुरूआत हुई। सुबह 8 बजे रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें रक्तदान करने वाले साधक साथियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। आर्ट ऑफ लिविंग के साधक तेजपाल सिंह, वरिष्ठ प्रशिक्षक डॉ. अजित मिश्रा, रक्तदान हेतु प्रेरित करने एओएल परिवार के डीटीसी धीरज श्रीवास्तव प्रथम पंक्ति में रक्तदान करने वाले साधकों में श्री माधव मजूमदार व आशीर्वाद वैली से आए श्री पोपटानी आदि साधकगण शामिल रहे।

इन आयोजनों में प्रातः 11 बजे से 3 बजे तक विकास साहू एवं किरनपाल सिंग चावला द्वारा गरीब वृद्ध व असहायों के लिए निःशुल्क भोजन की व्यवस्था मंगला चौक में रखी गई। शाम को सामूहिक गुरूपूजा, आयुषोमा, सत्संग व भोजन -प्रसाद का आयोजन किया गया। इस मौके पर आयोजक मंडल में डीटीसी धीरज श्रीवास्तव, को-आर्डिनेटर धर्मवीर सिंह, अंशुला सैनी ने इन आयोजनों में उपस्थित रहे। एओएल के साधकों ने गुरूदेव श्रीश्री के जन्मदिवस पर हर्ष उल्लास के साथ भाग लेकर उनके दीर्घायु होने की कामना की।

### साव ओडिसा, कौशिक झारखंड व सुशांत संभालेंगे हिमाचल की कमान

**बिलासपुर।** छग में तीसरे चरण में सभी लोकसभाओं में चुनाव होने के बाद अब देश के अन्य हिस्सों में आगामी चार चरण के होने वाले मतदान को लेकर भाजपा प्रदेश संगठन ने यहां के मंत्रियों, विधायकों सहित पूर्व विधायको और संगठन के अनुभवी नेताओं को दूसरे राज्यों के लोकसभाओं में बड़ी जिम्मेदारी दी है। जिसमें बिलासपुर संभाग से बड़े-बड़े भाजपा नेताओं के नाम भी शामिल हैं। छत्तीसगढ़ सरकार में डिप्टी सीएम अरूण साव को उड़ीसा राज्य के कालाहांडी, संबलपुर और बरगढ़ सहित तीन लोकसभाओं की जिम्मेदारी मिली है। वहीं बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक को झारखण्ड राज्य में जमशेदपुर लोकसभा का प्रभार दिया गया है। बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर लोकसभा संसदीय क्षेत्र में दिल्ली सरकार में मंत्री रहे अनुराग ठाकुर के पक्ष में प्रचार प्रसार करेंगे। भाजपा संगठन ने पूर्व विधायकों और संगठन के चर्चित चेहरों को भी दूसरे राज्यों में होने वाले चुनाव की जिम्मेदारी दी गई है। जिसके अंतर्गत प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी को जमशेदपुर लोकसभा में जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा, पूर्व विधायक रजनीश सिंह को पोटका विधानसभा, डा. कृष्णमूर्ति बांधी को बहरागुड़ा विधानसभा और घाटसीला विधानसभा में सौरभ सिंह को विधानसभावार जिम्मेदारी सौंपी गई।

## बचपन प्ले स्कूल के बच्चों ने लिया कैंप का आनंद




**बिलासपुर।** बचपन प्ले स्कूल मंगला और अचीवर्स पब्लिक की गतौरी शाखा में 1 मई से आयोजित कैंप का 14 मई को समापन हो गया। इस कैंप का बच्चों ने खूब आनंद लिया। इस दौरान कंठ संगीत गिटार की बोर्ड जैसी कलाओं को सीखने बच्चों ने बढ़चढ़कर भाग लिया। इसमें 5 वर्ष से 15 वर्ष तक के बच्चों के लिए माइंड एक्सरसाइज अर्थात अबैकस ट्रेनिंग की भी कक्षा में बच्चों ने अपनी छिपी प्रतिभा का अच्छा प्रदर्शन किया। इस कैंप में मार्शल आर्ट, एरोबिक्स, अबेकस, डांस, आर्ट एण्ड क्राफ्ट, फोनिक्स, गुड मैनर्स, टेबल एटिकेट्स, पर्सनलिटी डेवलपमेंट, गुड एण्ड बेड टच शेशन, स्पोकन इंग्लिश, फोनिक्स, म्यूजिक इत्यादि बच्चों को सिखाया गया। इसके द्वारा बच्चों के अंदर की प्रतिभा को उजागर करने का प्रयास किया गया।



## खाद्य विभाग की टीम ने होटल का निरीक्षण कर सिलेंडर किया जब्त

**मुंगेली।** खाद्य विभाग के जांच दल द्वारा पथरिया स्थित मोहन होटल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण समय पर होटल के संचालक मोहन साहू एवं अन्य स्वतंत्र गवाह उपस्थित रहे। मोहन साहू ने बताया कि होटल के नाम पर व्यवसायिक उपयोग हेतु उपभोक्ता कार्ड जारी नहीं किया गया है। उनके द्वारा घरेलू उपयोग हेतु 14.20 किलो क्षमता वाली लाल गैस सिलेंडर तथा व्यवसायिक उपयोग हेतु 19.00 किलो क्षमता वाली नीला गैस सिलेंडर का उपयोग किया जाता है। रसोई की जांच करने पर 1 खाली घरेलू लाल गैस सिलेंडर तथा 1 खाली नीला व्यवसायिक 19 किलो का गैस सिलेंडर पाया गया। जब्त सिलेंडर को शारदा इंडेन गैस एजेंसी पथरिया के प्रतिनिधि भुनेश्वर सिंह राजपूत को सुपुर्द किया गया।

# सीबीएसई 10वीं, 12वीं के रिजल्ट में डीएवी स्कूल कोतरी का परिणाम शानदार



**लोरमी।** ग्राम कोतरी स्थित डीएवी10 वीं में 94.4 प्रतिशत अंक के साथ आदित्य मानिकपुरी अव्वल, 88.2 प्रतिशत अंक हासिल कर रचना मिश्रा दूसरे व 12 वीं में प्रवीण 85.20 फीसदी अंकों के साथ प्रथम स्थान पर रहे। सीबीएसई बोर्ड द्वारा संचालित डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल कोतरी का परीक्षा परिणाम इस बार भी शानदार रहा। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार आदित्य दास मानिकपुरी दसवीं में 94.4 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान पर रहे। उन्होंने अंग्रेज़ी में 97, हिन्दी में 91, गणित में 97, विज्ञान में 91 व सामाजिक विज्ञान में 96 अंक हासिल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। आदित्य गणित के साथ अपनी आगे की पढ़ाई जारी रखना चाहते हैं। दूसरे स्थान पर 88.2 प्रतिशत के साथ रचना मिश्रा रही। इन्होंने अंग्रेज़ी में 85, गणित में 83, विज्ञान में 85, सामाजिक विज्ञान में 88, संस्कृत में 100 में 100 अंक हासिल किया। आदित्य कुमार जायसवाल 84.8 प्रतिशत अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहे। कक्षा 12 में प्रवीण कुमार साहू 85.20 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान पर रहे। इन्होंने अंग्रेज़ी में 89, हिन्दी में 86, भौतिक शास्त्र में 72, रसायन शास्त्र में 95 व जीव विज्ञान में 84 अंक हासिल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। दूसरे स्थान पर 76.2 प्रतिशत अंक के साथ शालिनी साहू, तीसरे स्थान पर 71.2 फीसदी अंक के साथ अंजू कश्यप रही।

## नवोदय विद्यालय दाबो का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत



**मुंगेली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा 10वीं व 12वीं का परिणाम घोषित किया गया। इसमें नवोदय विद्यालय दाबो का कक्षा परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। परीक्षा में सम्मिलित बारहवीं के सभी 36 व दसवीं के सभी 41 विद्यार्थियों ने अच्छे अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय का मान बढ़ाया है। बारहवीं में कु. लीना डाहिरे 92.6 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम, कु.अन्तिमा सिंह, विकास सिंह राजपूत 91.4 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय, समीर कुमार साहू 90.6 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान पर रहे। इसी क्रम में दसवीं में आयुष कश्यप 93.6 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम, चन्दन साहू 91.4 प्रतिशत के साथ द्वितीय, कु. तुलसी दिवाकर, अखंड प्रताप सिंह 90 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहे। 10वीं के छात्र आयुष कश्यप, चन्दन साहू ने गणित में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर इतिहास रच दिया है। विद्यालय के प्राचार्य देवेन्द्र कुमार साहू ने इसे विद्यार्थियों की मेहनत व योग्य शिक्षकों के कुशल शिक्षण, परामर्श व मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के सहयोग का परिणाम बताया।

## सशिमं पेंडाराकापा का 10वीं का परिणाम रहा 74.67 प्रतिशत





**मुंगेली।** सशिमं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पेंडाराकापा मुंगेली का 10वीं का परिणाम 74.67 प्रतिशत रहा। जिसमें 17 प्रावीण्य, 21 प्रथम, 18 द्वितीय एवं 12वीं का 71.60 प्रतिशत रहा। जिसमें 10 प्रावीण्य, 32 प्रथम, 16 द्वितीय श्रेणी प्राप्त किए। विद्यालय प्राचार्य चन्द्रभान तिवारी ने बताया कि 10 वीं में प्रथम गौरव कुमार साहू 96.66 प्रतिशत, द्वितीय अर्चिता शर्मा 94.33 प्रतिशत, तृतीय स्थान पर मानसी चंद्राकर 91.33 प्रतिशत रहे। 12वीं में प्रथम स्थान तनिशा शोभवानी 85.06 प्रतिशत, द्वितीय स्थान हिमांचल बंजारा 85.04 प्रतिशत, तृतीय स्थान रविन्द्रनाथ साहू 84.04 प्रतिशत, विनीता राजपूत 84.04 प्रतिशत प्राप्त किए। खेलकूद में विशेष उपलब्धि के लिए सारोन धुर्वे, सिमरेला एवं रोशनी पटेल को पुरस्कृत किया गया। पं. दीनानाथ उपाध्याय ने कहा कि यह संस्थान पूरे देश-प्रदेश में शिक्षा का सिरमौर है। यहां से पढ़े छात्र देश के प्रति निष्ठा रखते हैं।



### बारहवीं में 91 प्रतिशत अंक लाकर नीलू ने बढ़ाया मान

**दगोरी।** हायर सेकेंड्री स्कूल दगोरी में कक्षा 12 वीं का परिणाम 97% प्रतिशत ,कक्षा दसवीं का परिणाम 92% रहा। 10 वीं में भानुप्रिया निषाद 88% अंक व 12 वीं में नीलू निषाद 91% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रहे। इस अवसर पर विद्यालय के व्याख्याता मनीष कुमार ध्रूव व धर्मेन्द्र कुमार कौशिक भी उपस्थित रहे। विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी शा. उ. मा. वि. दगोरी का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। कक्षा 10 वीं में 84 बच्चों में से 40 प्रथम, 27 द्वितीय, 9 तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। जबकि 3 बच्चे अनुत्तीर्ण और इतने ही पूरक व 2 बच्चे अनुपस्थित रहे। कक्षा में 12 वीं में 137 में से 34 प्रथम, 88 द्वितीय, 11 तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। 3 बच्चे पूरक, एक अनुपस्थित रही।

### 12वीं कॉमर्स के छात्र तरूण ने 82.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किया



**मुंगेली।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला नगर पालिका मुंगेली में 12वीं कॉमर्स में प्रथम स्थान तरूण साहू 82.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। कला में मयंक बैस 82.8 प्रतिशत, विज्ञान में करन सोनकर ने 81.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। 10वीं में प्रथम स्थान झुमेश साहू 81.3 प्रतिशत, राकेश देवांगन 74.8 प्रतिशत, रामेश्वर यादव 73.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। यह जानकारी शाला प्राचार्य विजय कुमार सोनी ने दी।

### सशिमं की छात्रा लक्ष्मी ने 10वीं में 94.5 अंक प्राप्त कर रही अव्वल



**पथरिया।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा लक्ष्मी वर्षा पुरबिया ने 10वीं बोर्ड में 94.5 अंक प्राप्त कर पथरिया में प्रथम स्थान प्राप्त कर किया है। छात्र एसकुमार साहू ने 92.16% अंक के साथ द्वितीय, सौरभ साहू ने 91.5% अंक हासिल कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### कोतरी के छात्र वैभव ने प्राप्त किए 96 प्रतिशत अंक



**सरगांव।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के कक्षा दसवीं में वैभव गोस्वामी पिता घनश्याम गिरी गोस्वामी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोतरी 96 प्रतिशत अंक लाकर जिले का नाम रोशन किया।

# टाइम्स यंग यूनिवर्सिटी वर्ल्ड रैंकिंग में सीयू ने लहराया परचम

- सीयू युवा विवि श्रेणी में अंतरराष्ट्रीय अकादमिक मानचित्र पर चमका

**बिलासपुर** ।गुरु घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय द टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यंग यूनिवर्सिटी रैंकिंग में 401-500 के बैंड में शामिल होकर अंतरराष्ट्रीय अकादमिक मानचित्र पर चमक उठा है। विवि के कुलपति प्रो आलोक कुमार चक्रवाल के नेतृत्व व कुशल मार्गदर्शन में पिछले लगभग 3 वर्षों में किए गए अनवरत प्रयास तथा निरंतर सकारात्मकता के परिणाम स्वरूप सफलता मिल रही है। यह पहला अवसर है जब गुरु घासीदास केन्द्रीय विवि ने द टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यंग यूनिवर्सिटी रैंकिंग में भागीदारी की। यूनाइटेड किंगडम से प्रकाशित होने वाली विश्व प्रसिद्ध पत्रिका टाइम्स हायर एजुकेशन प्रतिवर्ष विश्व की नवसृजित उच्च शिक्षण संस्थानों की रैंकिंग को जारी करता है। इससे पहले 25 अप्रैल 2024 को नैक द्वारा गुरु घासीदास विवि को ए++ रैंकिंग प्रदान की थी। विश्व रैंकिंग में स्थान पाने पर कुलपति प्रो चक्रवाल ने शिक्षकों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सहयोग एवं अथक परिश्रम के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा कि शोध, अनुसंधान एवं नवाचार के क्षेत्र में विवि अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार निरंतर आगे बढ़ रहा है। नैक ए++ रैंकिंग के बाद विवि में नई ऊर्जा का संचार हुआ है जिसका परिणाम इस अंतरराष्ट्रीय स्तर की रैंकिंग में साफ परिलक्षित हो रहा है।




### उद्यमिता व स्टार्ट अप की दिशा में भी विवि ने नए आयाम छुए



कुलपति प्रो. चक्रवाल ने कहा कि उद्यमिता एवं स्टार्ट अप की दिशा में भी विवि ने नए आयाम छुए हैं। इनोवेशन सेंटर, कौशल विकास केन्द्र एवं टेकनालॉजी इनेबलिंग सेंटर की स्थापना के साथ ही विवि ने अद्वितीय स्टार्ट अप इकोसिस्टम तैयार किया है जिसने समन्वित प्रयासों से शोध एवं विकास केन्द्र के मार्गदर्शन में दो जी 8 कंपनियों के माध्यम से छात्रों द्वारा उत्पादन एवं विपणन की व्यवस्था शुरू की है। 15 से ज्यादा स्टार्ट अप प्रारंभ किया है।

### 166 देशों के 5 लाख शिक्षाविदों ने दिया वोट

प्रो. चक्रवाल ने बताया कि रैंकिंग की विश्वसनीयता को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए द टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यंग यूनिवर्सिटी रैंकिंग द्वारा 166 देशों के 5 लाख शिक्षाविदों से उनकी राय ली है। दुनियाभर के 68 हजार संस्थानों के इन शिक्षाविदों का शोध एवं अनुसंधान के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान है।

### 50 साल से कम आयु के संस्थान होते हैं शामिल

सीयू के कुलपति प्रो. चक्रवाल ने बताया कि इस रैंकिंग में 50 साल या उससे कम अवधि में स्थापित उच्च शिक्षा संस्थानों को शामिल किया जाता है। भारत से इस रैंकिंग में 84 युवा संस्थानों ने भागीदारी की थी जिसमें गुरु घासीदास केन्द्रीय विवि को 37वां स्थान प्राप्त हुआ है।

### रैंकिंग में मूल्यांकन के बिंदु

प्रो चक्रवाल ने बताया कि शोध की गणुवत्ता, उद्योगों के साथ संबंध, अंतरराष्ट्रीय दृष्टिकोण, शोध एवं शैक्षणिक वातावरण विषयों के आधार पर दी जाती है रैंकिंग। उन्होंने बताया कि इस रैंकिंग में वर्ष 2018-2022 के बीच में प्रकाशित शोध पत्रों को शामिल किया गया है। 16.5 मिलियन शोध प्रकाशनों में 134 मिलियन साइटेशन का विश्लेषण किया गया। सर्वे में 27,950 पीयर रिव्यूड जर्नल्स को शामिल किया गया।

## श्री पीताम्बरा पीठ में ब्रह्मशक्ति बगलामुखी देवी को आज लगेगा छप्पन भोग

**बिलासपुर।** श्री पीताम्बरा पीठ त्रिदेव मंदिर सुभाष चौक सरकंडा में बगलामुखी जयंती पर 14 मई से धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जा रहा है। पीताम्बरा के आचार्य डा. दिनेश महाराज ने बताया कि 15 मई को ब्रह्मशक्ति बगलामुखी देवी जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस दिन छप्पन भोग मातारानी को लगाया जाएगा। बगलामुखी देवी जयंती पर्व पर रात्रिकालीन हवनात्मक महायज्ञ प्रारंभ होगा। इसक बाद 16 मई को सवा लाख बातियों की महाआरती की जाएगी। 19 मई को पूर्णाहुति अभिजीत मुहूर्त में किया जाएगा। इस पावन पर्व पर प्रतिदिन मां श्री ब्रह्मशक्ति बगलामुखी देवी का विशेष पूजन, श्रृंगार, महादेव श्री शारदेश्वर पारदेश्वर महादेव का प्रातः कालीन रुद्राभिषेक, श्री महाकाली महालक्ष्मी महासरस्वती राजराजेश्वरी त्रिपुरसुंदरी देवी का श्री सूक्त षोडश मंत्र से अभिषेक होगा। इसी तरह मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का पूजन श्रृंगार एवं रात्रि कालीन हवनात्मक महायज्ञ किया जाएगा। पीताम्बरा के आचार्य डा. दिनेश महाराज ने बताया कि माता बगलामुखी 10 महाविद्याओं में 8 वीं महाविद्या है। इन्हें माता पीताम्बरा भी कहते हैं। सम्पूर्ण सृष्टि में जो भी तरंग है वो इन्हीं की वजह से है। यह भगवती पार्वती का उग्र स्वरूप है। ये भोग और मोक्ष दोनों प्रदान करने वाली देवी है।

